


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 27 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-237 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को ट्रक ने लिया चपेट में, एक की मौत

**जांजगीर-चाम्पा,27 नवंबर।** सुबह-सुबह जिले से दर्दनाक हादसे की खबर आई है, जिसमें एक ट्रक ने मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है. जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी भारद्वाज, ज्योति यादव और सुनीता बरेठ पुलिस लाइन के समीप मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, इस दौरान खोखरा की ओर से आ रहे अनियंत्रित डाक पार्सल लिखे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक प्रवीण भारद्वाज की पत्नी लक्ष्मी भारद्वाज की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं ज्योति यादव और सुनीता बरेठ को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां जरूरी उपचार के बाद सिम्स, बिलासपुर रेफर कर दिया गया है. वहीं कोतवाली पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर घटना की जांच शुरू कर दी है.

### अवस्थी प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स अवार्ड-2024 से सम्मानित

**नई दिल्ली, 27 नवंबर।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी को प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2024 प्रदान किया गया है। डॉ. वर्गीस कुरियन के बाद यह पुरस्कार पाने वाले डॉ. अवस्थी दूसरे भारतीय हैं। डॉ. कुरियन को वर्ष 2001 में यह पुरस्कार प्रदान किया गया था। रोशडेल पायनियर्स अवार्ड इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (आईसीए) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इस अवार्ड की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई थी। इसका उद्देश्य एक व्यक्ति या विशेष परिस्थितियों में एक सहकारी संगठन को मान्यता देना है, जिसने नवीन और वित्तीय रूप से टिकाऊ सहकारी गतिविधियों में योगदान दिया है जिससे उनके सदस्यों को काफी लाभ हुआ है। केमिकल इंजीनियर डॉ. अवस्थी 1976 में इफको में नियुक्त हुए।

### बिना पेपर के लोहे से भरा ट्रक पकड़ा, 50 लाख से अधिक का माल जब्त

**बेमेतरा,27 नवंबर।** जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहा लदे ट्रक को पकड़ा है, जिसमें करीब 40 टन लोहा भरा हुआ है. लोहे की कीमत करीब 50 लाख के आसपास बताई गई है. मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर त्स्न्न विभाग की टीम ने बीती रात बेमेतरा में रायपुर पासिंग ट्रक CG 04 JD 3551 को पकड़ा. रायपुर से जबलपुर जा रही ट्रक में करीब 40 टन लोहा भरा हुआ था. यह लोहा रायपुर के एक बड़े इस्पात कारोबारी का बताया जा रहा है. जीएसटी टीम ने ड्राइवर से लोहे के संबंध में पूछताछ की. ड्राइवर ने बताया कि रायपुर से लोहा लेकर वह जबलपुर के लिए निकला है, लेकिन ड्राइवर कोई दस्तावेज नहीं दे पाया. इस पर ट्रक को जब्त कर बेमेतरा रक्षित केंद्र में खड़ा किया गया है.

# अदाणी और संभल मुद्दे पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

**नई दिल्ली,27 नवंबर।** विपक्षी सांसदों के लगातार विरोध के बीच, लोकसभा को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया और गुरुवार, 28 नवंबर को फिर से बैठक होगी। वहीं, विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण संसद के उच्च सदन की कार्यवाही भी दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नारेबाजी के साथ शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने अडानी रिश्वत मामले और संभल हिंसा को लेकर हंगामा किया। संसद का शीतकालीन सत्र 2024 सोमवार, 25 नवंबर को शुरू हुआ, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में अपना पारंपरिक संबोधन दिया, जिसमें सभी सांसदों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा में शामिल होने का आग्रह किया गया। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक बुधवार को एक बार के स्थगन के बाद पुन- शुरू होने के करीब 10 मिनट के अंदर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठाने का प्रयास करने लगे, वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने संभल की घटना को उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। इस बीच, कांग्रेस और सपा के कई सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। बिरला ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अरुण गोविल का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पहली बार प्रश्नकाल में प्रश्न पूछ रहे हैं, ऐसे में सदन की कार्यवाही चलने दी जाए। हालांकि, हंगामा नहीं थमा और विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी जारी रही। दोपहर 12 बजे निचले सदन की बैठक फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। हालांकि, शोर-शराबे के कारण सदन की बैठक दिनभर के स्थगित कर दी गई। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर बुधवार को राज्यसभा में हंगामा किया, जिसके कारण उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि उन्हें अदाणी, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और दिल्ली में अपराध के बढ़ते मामलों पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत कुल 18 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। जी सी चंद्रशेखर, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, नीरज डांगी और राजीव शुक्ला सहित कांग्रेस के कुछ अन्य सदस्यों ने अन्य प्राधिकरणों के साथ मिलीभगत से अदाणी समूह के कथित भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य कदाचारों की जांच के लिए जेपीसी के गठन के लिए नोटिस दिए थे।



## राहुल ने उठाया सावरकर का मुद्दा, भाजपा ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली,27 नवंबर।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का जिक्र करने को लेकर भाजपा के निशाने पर आ गए। भाजपा नेता प्रेम शुक्ला ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव खत्म होते ही राहुल गांधी ने वीर सावरकर पर अभद्र टिप्पणी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अडंमान की जिस जेल में वीर सावरकर को रखा गया था, अगर राहुल गांधी को एक सप्ताह के लिए रख दिया जाए तो फिर वो ब्रिटेन के नागरिक बन जाएंगे और भारत लौटकर नहीं आएंगे। राहुल गांधी को वीर सावरकर पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। महाराष्ट्र चुनाव के बाद उनका तत्काल बोलना इस बात को सिद्ध करता है कि राज्य के प्रति उनके नफरत का भाव कितना है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, फूले, शिवाजी की सोच संविधान की किताब में मिलेगी। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या इसमें वीर सावरकर की आवाज है। संविधान में कहीं लिखा है, हिंसा का प्रयोग करना चाहिए? इसमें कहीं लिखा है, क्या व्यक्ति को डराना, मारना चाहिए? क्या संविधान में लिखा है, झूठ का प्रयोग करके सरकार चलानी चाहिए? ये सत्य और अंहिसा की किताब है। ये हिंदुस्तान का सत्य है और ये अंहिसा का रास्ता दिखाता है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷उन्होंने पूरे महाराष्ट्र चुनाव के दौरान एक बार भी वीर सावरकर का जिक्र नहीं किया और हार के तुरंत बाद जहर उगलना शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी भविष्यवाणी की थी। अपमान करने वाले को उसकी जगह दिखाने के लिए महाराष्ट्र के लोगों को श्रेय जाता है। वहीं, राहुल गांधी के वीर सावरकर का जिक्र करने के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार पूरे देश में वीर सावरकर का अपमान किया था, उन्हें गालिया दी है, महाराष्ट्र में वोट पाने के लिए इन लोगों ने टेंपरेरी वीर सावरकर को गाली देना बंद किया।

### दूसरे राज्यों में कैसे सफलतापूर्वक चल रहे फ्री कैटल जोन

## सड़कों को मवेशीमुक्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,27 नवंबर।** सड़कों और प्रमुख जगहों को मवेशी मुक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने छग शासन के मुख्य सचिव से पूछा कि, देश के दूसरे राज्यो में भी तो फ्री कैटल जोन बनाए गए हैं। सड़कों को मवेशी से मुक्त रखा गया है। वहां किस पालिसी पर काम किया जा रहा है, क्या कार्ययोजना है। कोर्ट ने इस संबंध में पूरी पालिसी मंगाई और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

जनहित याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई। चीफ जस्टिस ने मुख्य सचिव से पूछा कि, देश के दूसरे राज्यों में फ्री कैटल जोन योजना सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। वहां किस तरह की कार्ययोजना बनाई गई हैं और उस पर कैसे अमल किया जा रहा है, इसे लेकर उन राज्यों के अफसरों से चर्चा करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि, जब दूसरे राज्यों में योजना का संचालन ठीक ढंग से हो रहा है तो यहां क्यों नहीं। इस बीच राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसरों ने राज्य शासन की ओर से उठाए जा रहे कदमों की डिवीजन बेंच को जानकारी दी। चीफ जस्टिस से प्रदेश की सड़कों को मवेशी मुक्त करने की योजना को गंभीरता से संचालित करने और कड़ाई से पालन करने का निर्देश भी दिए हैं। राज्य शासन ने एसओपी जारी करने हाई कोर्ट से मोहलत मांगी। इस पर कोर्ट ने शासन को मोहलत देते हुए पीआइएल की अगली सुनवाई के लिए 16 दिसंबर को तय कर दी है।

राज्य सरकार का पक्ष रखने वाले उप महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने डिवीजन बेंच को बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना को लेकर एक विशेष समिति बनाई गई है। दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए एसओपी जारी किया जाएगा। इसके लिए उप महाधिवक्ता ने शासन की ओर से समय की मांग की। दरअसल बिलासपुर सहित प्रदेश की सड़कों में मवेशियों का जमावड़ा रहता है, जिससे लगातार दुर्घटनाओं के मामले भी सामने आते हैं। इन सब मामलों को लेकर के छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने संबंधित विभागों को सड़क पर बैठे मवेशियों को लेकर और दुर्घटना सहित सटीक रोड मैप नहीं बनाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

### भाजपा नेता कोयला कारोबारी ने की खुदकुशी

**बिलासपुर,27 नवंबर।** कोयला कारोबारी भाजपा नेता ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया बताया जा रहा है पैसे के लेनदेन को लेकर वे काफी परेशान चल रही थे, जिसके बाद भाजपा नेता ने यह आत्मघाती कदम उठाए हैं। अपनी ही गाड़ी में बैठे बैठे जहर का सेवन कर सुसाइड कर लिया जहां उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन अपोलो हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परसदा निवासी नरेंद्र कौशिक ट्रांसपोर्टर है साथ में कोयले का भी काम करते हैं पैसे के लेनदेन को लेकर वे कुछ दिनों से काफी परेशान चल रहे थे। जहर खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी तब परिजनों ने उन्हें अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया इलाज के दौरान स्थित गंभीर हो गई मंगलवार की रात उनकी मौत हो गई। देर रात 11.00 बजे अपोलो हॉस्पिटल से सरकंडा थाने को मेमो मिला इसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुट गई है।

## बांग्लादेश में इस्कॉन पर बैन लगाने की याचिका दायर

**ढाका,27 नवंबर।** इस्कॉन संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका के जवाब में बांग्लादेशी सरकार ने बुधवार को इस्कॉन या इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस को एक ÷धार्मिक कट्टरपंथी संगठन÷ कहा। हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों द्वारा इस्कॉन और अन्य हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर पूरे बांग्लादेश में व्यापक विरोध प्रदर्शन के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेशी उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है जिसमें देश में हिंदू समुदाय पर हमले तेज होने के कारण इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। याचिका में किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए चटगांव और रंगपुर में आपातकाल लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है क्योंकि विरोध प्रदर्शनों ने शहरों को हिलाकर रख दिया है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर सरकार से पहल की मांग की। प्रभु बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की मांग को लेकर कई विरोध प्रदर्शन भी आयोजित किए हैं। उन्हें 25 नवंबर को ढाका हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया और देशद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया गया। चटगांव अदालत के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ जिसमें कथित तौर पर भीड़ ने एक वकील की हत्या कर दी।



### दिल्ली बुलाए गए फडणवीस

## शिवसेना बोली- शिंदे के लिए उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार नहीं

**नई दिल्ली,27 नवंबर।** महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस पर सस्पेंस के बीच देवेंद्र फडणवीस को दिल्ली बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी मुलाकात अमित शाह और भाजपा के अन्य बड़े नेताओं से हो सकती है। सूत्रों का दावा है कि फडणवीस का महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है क्योंकि केंद्रीय नेतृत्व ने हरी झंडी दे दी है। हालांकि, एकनाथ शिंदे की नाराजगी भाजपा की परेशानी को बढ़ा रही है। 25 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी से एक वरिष्ठ बीजेपी नेता ने एकनाथ शिंदे को फोन पर जानकारी दी कि देवेंद्र फडणवीस अगले सीएम होंगे और जिसके बाद 26 नवंबर को एकनाथ शिंदे ने इस्तीफा दे दिया। वहीं, शिवसेना ने बुधवार को कहा कि एकनाथ शिंदे कभी भी उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करेंगे। शिंदे सेना के एक नेता ने कहा कि 20 नवंबर के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति की प्रचंड जीत केवल एकनाथ शिंदे के कारण थी। शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव एकनाथ शिंदे के नाम पर लड़ा गया था। वह मुख्यमंत्री के रूप में वापसी के हकदार हैं। वह उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करेंगे। अगर बीजेपी हमारी मांग (शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की) पूरी करती है तो लोगों में अच्छा संदेश जाएगा। शिंदे के मुख्यमंत्री बनने पर भविष्य के चुनाव हमारे लिए फायदेमंद साबित होंगे। इन घटनाक्रमों के बीच बीजेपी की केंद्रीय पर्यवेक्षक टीम अगले दो दिनों में मुंबई आएगी और इस दौरान देवेंद्र फड़णवीस को नेता चुनने की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इस बीच, एनसीपी द्वारा महाराष्ट्र के सीएम पद के लिए देवेंद्र फड़णवीस का समर्थन करने के बाद से एकनाथ शिंदे के रुख में कुछ हद तक नरमी आई है।

### श्री सीमेंट में हादसा, सेलो में मिली मजदूर की लाश

**बलौदाबाजार,27 नवंबर।** बलौदाबाजार के खपराडीह स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री में बुधवार सुबह एक मजदूर की लाश सेलो में मिली है. घटना की सूचना मिलते ही सुहेला पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई है. जानकारी के अनुसार, मृत मजदूर अशोक सिंह पिता गुलाब सिंह (33 वर्ष) मध्य प्रदेश के चचाई थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवार का रहने वाला है. अशोक श्री सीमेंट फैक्ट्री के नए प्रोजेक्ट में काम के दौरान बीती रात गायब हो गया था, जिसकी आज सुबह सेलो में लाश मिली है. मजदूर संघ मजदूर की मौत पर 50 लाख रुपए मुआवजा राशि के साथ सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफकार्रवाई की मांग कर रहा है. बता दें कि इसके पहले भी श्री सीमेंट संयंत्र में हादसे हो चुके हैं, उसके बाद भी मजदूरों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त काम नहीं हुआ है. सवाल यह है कि मजदूर उंचाई पर काम कर रहा था, तो क्या बिना सुरक्षा उपकरण पहने था. ठेकेदार के साथ कंपनी प्रबंधन ने सुरक्षा के उपाय क्यों नहीं किया.

## पत्थरबाजों के खिलाफ एक्शन में योगी सरकार

### सार्वजनिक जगहों पर लगेंगे पोस्टर, की जाएगी नुकसान की वसूली

**लखनऊ,27 नवंबर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संभल हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि संभल हिंसा में शामिल प्रदर्शनकारियों को सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए भुगतान करना होगा और पत्थरबाजों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे। संभल में रविवार (24 नवंबर) को कोट गर्वी इलाके में शहर की शाही जामा मस्जिद के अदालत के आदेश पर किए गए सर्वेक्षण पर टकराव के बाद चार लोगों की मौत हो गई और पुलिस कर्मियों सहित कई घायल हो गए, एक याचिका के बाद जिसमें दावा किया गया कि एक बार हरिहर मंदिर था साइट पर खड़ा था। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि संभल हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ यूपी सरकार सख्त रुख अपना रही है। पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए जाएंगे और नुकसान की भरपाई की मांग की जाएगी। उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को इनाम की भी घोषणा की जा सकती है। इसी तरह की पहल में, सरकार ने पहले 2020 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान बर्बरता से जुड़े व्यक्तियों के पोस्टर लगाए थे। ये पोस्टर राज्य की राजधानी सहित कई स्थानों पर प्रदर्शित किए गए थे, लेकिन बाद में अदालत के आदेश के बाद हटा दिए गए थे। संभल पुलिस ने मोबाइल सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों का उपयोग करके हालिया हिंसा के दौरान पथराव में शामिल 100 से अधिक लोगों की पहचान की है। इनमें से कुछ नाबालिगों समेत 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक चौंकाने वाले खुलासे में, पुलिस ने पाया कि कुछ पत्थरबाजों ने खुद को आंसू गैस के प्रभाव से बचाने के लिए अपनी आंखों के चारों ओर ÷हरा लोशन÷ का इस्तेमाल किया था। गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि लोशन ने आंसू गैस की जलन को कम कर दिया, जिससे उन्हें अपनी गतिविधियाँ जारी रखने की अनुमति मिली।






## एक नजर

### मेटोडोर सीएसपी दफ्तर में जा घुसी



**भिलाई, 27 नवंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र नंदिनी रोड पर तेज रफ्तार मेटाडोर ने सड़क किनारे लगी गुमटी कार और कई लोगों को टक्कर मारते हुए सीधे सीएसपी कार्यालय के मेन गेट में जा घुसा। इसमें चार लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है घटना की वजह ड्राइवर को मिर्गी की बीमारी होना बताया जा रहा है सीएसपी हरीश पाटिल ने एक टाटा 407 ट्रक सीएसपी कार्यालय के मेन गेट को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया है। वो तुरंत अपनी विभागीय बैठक को छोड़कर आए उन्होंने देखा कि ट्रक काफी तेज रफ्तार में था उसने सड़क किनारे लगी गुमटी और कार को टक्कर मारा फिर आईटीआई में पढ़ने वाली बच्चियों को टक्कर मारते हुए यहां घुसा है ये लोग हुए घायल तेज रफ्तार मेटाडोर ने चार लोगों को घायल भी कर दिया इसमें तीन लड़किया पावर हाउस आईटीआई में पढ़ने वाली और एक फेरी वाला लड़का है। घायल लड़कियों की पहचान डिम्पल साहू (19 साल), गरिमा धृतलारे (17 साल) और मरोदा निवासी नीतू ढाले (19 साल) के रूप में हुई है वहीं घायल फेरीवाले की पहचान लकी नाम से हुई है सभी का इलाज जारी है

ड्राइवर को मिर्गी दौराछावनी सीएसपी ने बताया कि ट्रक ड्राइवर पी शंकर निवासी खुर्सीपार को गिरफ्तार कर लिया है उसने बताया कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया था इसके चलते ऐसा हुआ है ट्रक मालिक लालमन पाल को पुलिस ने बुलाया है वो आईटीआई के पीछे खुर्सीपार का रहने वाला है।

### रेलवे स्टेशन के आसपास जाम की स्थिति से लोगों को भारी असुविधा



**भिलाई, 27 नवंबर।** जनहित संघर्ष समिति के जिला संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि दुर्ग रेलवे स्टेशन के आस.पास भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है कुछ लोगों की ट्रेनें छूट जा रही हैं। शारदा गुप्ता ने कहा कि कल वे अपने रिश्तेदार को स्टेशन छोड़ने गए और स्वयं जाम में फंसने के पश्चात् उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त की इस पर सुधार की आवश्यकता है। लगभग 400 करोड़ रुपए फंड पास होने के बाद आखिर काम में देरी क्यों हो रही है। गुप्ता ने प्रधानमंत्री कार्यालय रेल मंत्री सांसद को पत्र लिखकर अवगत कराया है। रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात प्रबंधन को सुधारने यातायात पुलिस की तैनाती आवश्यकता है ।

### चित्रकार बरमैया की कला पर ऑनलाइन टाक शो का आयोजन



**भिलाई, 27 नवंबर।** ललित कला अकादमी समूह में सुप्रसिद्ध चित्रकार प्रभात बरमैया की कला पर आनलाईन टाक शो का आयोजन किया गया। उनकी कला पर खैरागढ़ में इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा, प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी आचार्य महेश चंद्र शर्मा, बीएल,सोनी, विजय शर्माए मोहन बरालए ब्रजेश तिवारीए मीना देवांगन कोंडागांव, वीरेन्द्र पटनायक, वीनी जोशी, पार्थ नेतामए गुंजन शर्मा, अमेरिका से कमलेश सक्सेना, साहित्यकार मेनका वर्मा और डॉण् अंकुश देवांगन ने अपने विचार प्रकट किए। चित्रकार प्रभात बरमैया ने टाक शो के दौरान कहा कि उनकी कला प्रकृति के प्रतीकात्मक प्रतिबिंबो को रंगों और रेखाओं द्वारा फ्सल फ्लक के रूप में प्रकट करती है। इसके अलावा उन्हें पांच बार प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय व एक बार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। वे 15 समूह प्रदर्शनियां तथा 8 राष्ट्रीय कार्यशाला में अपनी सहभागिता निभा चुके हैं।

### सस्ती दर पर जैविक खाद उपलब्ध है निगम भिलाई में



**भिलाई, 27 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 9 एस.एल.आर.एम. सेंटर संचालित हो रहे हैं। सभी एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा पारंपरिक विधि से जैविक खाद बनाया जा रहा है। जो बहुत ही उपयोगी एवं गुणकारी है, कोई भी व्यक्ति उसको अपने किचन गार्डन, गमलो, खेतो एवं फार्म हाउस में उपयोग के लिए खरीद सकते हैं। यह खाद सस्ते दर पर उपलब्ध है, इसी खाद को मार्केट में जब हम खरीदते है। 15 से 20 रूपये मिलता है, 1 किलो का पैकेट 10 रूपये पर उपलब्ध है। थोक में लेने पर 25 किलो की बोरी 5 रूपये पर उपलब्ध है और अधिक लेने पर आवश्यकतानुसार और सस्ता हो जाएगा। रसायनिक खाद मिटटी, फसल एवं स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। इस खाद से सब्जी, भाजी उगाने पर पुराने समय के जैसे गुणकारी सेहतमंद स्वाद मिलते है। कार्यालयीन अवधि में निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर काम करने वाली स्वच्छता दीदी मधु जोशी मोबाईल नम्बर 9589791766 एवं एम सिंह समूह 9522915105 से संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम थनौद में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक ललित चंद्राकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 नवंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थनौद में संविधान दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ । दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर ग्राम थनौद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा* कि हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। यह संविधान हमारे सदियों के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 26 नवंबर से संविधान दिवस 2024 के आयोजन की शुरूआत हुई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख जनपद, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमिता गायकवाड जनपद सदस्य हरेंद्र देव घृतलहरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे सहायक परियोजना अधिकारी अरविंद दीड़ी अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, महामंत्री पुराण देशमुख युवा मोर्चा अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख बूथ अध्यक्ष मुकेश मंडले विधायक प्रतिनिधि टेक सिंह साहू, सरपंच ग्राम पंचायत जागेश्वरी देशमुख उपसरपंच डीलेश्वर देशमुख, प्राचार्य अनिल साहू प्रधान पाठक धनेश्वर ध्रुव डॉ राजेश यादव सूरन पारधी, गोविंद देशमुख देवेंद्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान दिवस पर एसपी ने सभी को दिलाई शपथ



**कवर्धा, 27 नवंबर।** भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (ढ्क्क्ष) ने कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रति सम्मान और उसके आदर्शों को मान्यता देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल , निरीक्षक श्री वीरेंद्र तारण स्टेनो श युवराज आसटकर और अन्य कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने संविधान की मूल भावना, उसके आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी का कर्तव्य है कि संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों को गहराई से समझें और इन्हें अपने कार्यों और आचरण में लागू करें। धर्मेंद्र सिंह ने संविधान में निहित न्याय, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को समाज में प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्र में कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और कानून का पालन करते हुए जनता की सेवा करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

### नरेंद्र छाबड़ा ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश दिया



**कवर्धा, 27 नवंबर।** नरेंद्र सिंह छाबड़ा ने नशा जैसी कुरीतियो से दूर रहने की अपील करते हुए . नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा करते हुए कहा की गुटखा खाने , सिगरेट ओर शराब पीने की आदत युवाओं और गरीब परिवार में बढ़ती हुई दिख रही है जो चिंताजनक है क्योंकि नशा करने से कैंसर ओर बहुत सारी बीमारी होती है । नशा जैसे कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील करते नरेंद्र छाबड़ा ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश दिया ।

## नवागंतुक पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह छवई का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुष्पगुच्छ से किया गया स्वागत



**कवर्धा, 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा दिनांक- 25.11.2024 क्रमांक एफ 1-3/2024/दो-गृह/भा.पु.से. राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के निम्नांकित अधिकारीगण का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। जिसमें कबीरधाम जिला के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल (ढ्व.क्क्स.) का स्थानांतरण जिला कबीरधाम से सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर एवं कबीरधाम जिले के वर्तमान प्रभारी पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई (ढ्व.क्क्स.) का स्थानांतरण सेनानी 15वी वाहिनी छ.स.बल बीजापुर से जिला कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के पद पर नवीन पदस्थापन हुआ है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई (ढ्क्क्ष) के आज दिनांक-26.11.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप. पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा नवीन प्रतिस्थापन के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा स्वयं कार्यालय के समस्त शाखाओं में जाकर अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किए एवं कार्य प्रणाली को और भी बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया।जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों का लिए बैठक दिए आवश्यक निर्देश* पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का बैठक लेकर सर्वप्रथम सभी को कबीरधाम पुलिस की एक अलग पहचान बनाने हेतु बेहतर से बेहतर कार्य करने निर्देशित करते हुए कहा गया। उक्त बैठक में कबीरधाम जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, उप. पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, एवं कबीरधाम जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी उक्त बैठक में उपस्थित रहे।



**कवर्धा।** जहां लिखा हुआ है कचड़ा नहीं फेंके वही लोग क्यों कचड़ा फेंकते है जो की चिंतनीय विषय है।

## जिला अस्पताल में कलेक्टर पाण्डेय ने बच्चों को पिलाई पोलियो निरोधक दवा

**बीजापुर, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला अस्पताल पहुंचकर नन्हे बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान कलेक्टर ने अपनी भांजी को स्वंय जिला अस्पताल ले जाकर पोलियों की दवा पिलाई और जिले के पालकों को अपील करते हुए कहा कि यह दो बूंद जिंदगी का है। पोलियो की दवा शतप्रतिशत बच्चों को पिलाना आवश्यक है। भारत 10 वर्ष पहले ही पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है किन्तु पड़ोसी देशों में पोलियो का संक्रमण होने के कारण हमारे भावी पीढ़ी को पोलियो के संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिवर्ष पोलियो की दवा पिलाई जाती है। जब देश पूर्व में पोलियो मुक्त नही हुआ था तब पोलियो से ग्रस्त बच्चों को देखने पर बहुत ही कष्ट होता था किन्तु पोलियो मुक्त देश होने के बाद आज सभी बच्चे पोलियो के संक्रमण से मुक्त है। कोई भी पोलियो से ग्रस्त नहीं है। इसलिए सभी पालको से अपील करते हुए आज 3 मार्च को सघन पल्स पोलियो अभियान में शामिल होकर बच्चों को लाभान्वित करने समझाईस भी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में लक्षित 0 से 5 वर्ष के 37015 बच्चों को आज स्वास्थ्य केन्द्रों एवं पोलियो बूथ के माध्यम से पोलियो की खुराक दी जा रही है जिसके लिए 385 पोलियो बूथ बनाया गया है। आज के अभियान में छूटे हुए बच्चों को पोलियो दल द्वारा 4 एवं 5 मार्च को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ताकि एक भी बच्चा छूटे नहीं। सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागो के अधिकारी-कर्मचारियों को मेहनत और लगन से इस उददेश्य को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दी और विभाग की सक्रियता से सुदूर अंचल में भी सुगमतापूर्वक पोलियो की खुराक दी जा रही है।

## विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया

**बीजापुर, 4 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर आज 03 मार्च को इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर द्वारा श्री संजय रौतिया सहायक संचालक बफर छेत्र एवम श्री मनोज बघेल अधीक्षक कोर क्षेत्र, बीजापुर वनमंडल से उप वनमंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड की उपस्थिति में विश्व वन्य जीव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा संजय रौतीया द्वारा बच्चों सभा को बताया गया। इसके उपरांत विशेषज्ञों द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वन में आग ना लगे इसके लिए आवश्यक प्रयास, शिकार की रोकथाम, वृक्षों / वनस्पतियों/ वन्य प्राणियों का मानव जीवन में महत्व, जैव विविधता, वन्य प्राणियों की पहचान , सापों की पहचान एवम सर्प दंश की प्राथमिक उपचार विषय पर बीजापुर जिले के अलग अलग क्षेत्रों से आए स्कूली/ कॉलेज के विद्यार्थियों/ वन अमले को चलचित्र एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण कर वन / वन्य जीव संरक्षण के बारे में बताया गया ।और सभी से यह अपील की की वनों और वन्यजीवों को बचाने सभी भागीदार बने। नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी रायपुर के श्री एम सूरज, श्री मोइज अहमद एवं प्राणी संरक्षण कल्याण समिति दंतेवाड़ा के श्री गणेश निषाद, श्री अमित मिश्रा द्वारा प्रतुतिकरण किया गया ।

## शासकीय महाविद्यालय मचांदुर की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने जारी की सदस्यों की सूची



**उतई, 27 नवंबर।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में ग्राम मचांदुर निवासी भाजयुमो अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण कुमार यदु को प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा से शासकीय कालेज जनभागीदारी विकास एवं प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष जिला कलेक्टर दुर्ग के निर्देश पर किया गया है। दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर के अध्यक्ष मनोनित होने पर कालेज प्राचार्य सुश्री नीरजा रानी पाठक को नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण यदु ने कॉलेज में नई जनभागीदारी विकास व प्रबन्धन समिति हेतु अंचल के वरिष्ठ नागरिक ,युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओंको सदस्य मनोनीत कर कार्यकारिणी की सूची कालेज प्रबंधन को सौंपते हुए अपने मनोनयन के लिये आभार प्रकट करते हुए कहा कि मचांदुर में शासकीय महाविद्यालय लंबे लड़ाई व संघर्ष के बाद मिली है। प्रवीण यदु ने अपने नई कार्यकारिणी की भी सूची प्राचार्य को सौंपेजिसमें वरिष्ठ भाजपा देवेंद्र भारती काशीडीह,जितेंद्र सोनी कातरो,डिलेश साहू रिसामा,हुबलाल चंद्राकर घुघसीडीह,संतोष साहू खोपली,दयालूराम यादव,मचांदुर,लेखराम साहू चिरपोटी,कृष्ण कुमार साहू कातरो,करण सेन करगाडीह,मनीष ठाकुर घुघसीडीह, धनराज सिंह गजपाल मचांदुर, गजेंद्र कुमार साहू मचांदुर,ओमकार साहू मचांदुर,सीमा मधुकर करगाडीह, शैल देवांगन मचांदुर,हिकेश्वर साहू चिरपोटी,तोरण साहू मचांदुर,पिलेश्वर ओझा घुघसीडीह,को कालेज की जनभागीदारी

### राघवेंद्र पाल फाउंडेशन ने सफाई कर्मचारियों को भेंट किये स्वेटर और जूते



**भिलाई, 27 नवंबर।** स्मृति नगर सहकारी संस्था में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं राघवेंद्र पाल फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ राजीव पाल द्वारा राघवेंद्र पाल फाउंडेशन की तरफ़से भेंट स्वरूप स्वेटर और जूते प्रदान किए गए। हर मौसम और हर परिस्थिति में प्रातः 6 बजे से हमारे घरों से कचरे का संकलन करने वाले इन कर्मठ श्रमिकों को उपहार भेंट कर उनके उत्साहवर्धन के लिए स्मृति नगर सहकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे ने डॉ राजीव पाल के प्रति आभार प्रकट किया है।

## बीएसपी के त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण का समापन



**भिलाई, 27 नवंबर।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभागए भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के माध्यम से विगत तीन माह से संचालित जुट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 26 नवम्बर 2024 को सेक्टर.5 कार्यालय में किया गया। समापन समारोह में महाप्रबंधक शिवराजनए प्रबंधक ;छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्डद्ध सीएस केहरीए वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े सहित सीएसआर विभाग के कर्मचारीगण तथा प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से संयोजन प्रमुख सी एस केहरी ने प्रशिक्षण शिविर आयोजन के उद्देष्य को रेखांकित करते हुए हस्तशिल्प के कार्यों एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारियों तथा शासन से मिलने वाले सहयोग व मार्केटिंग संबंधित पहलुओं से सभी को अवगत कराया। महाप्रबंधक शिवराजन ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने तथा इसमें आवश्यक सुधारों के बारे में बताया। वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े ने स्वावलंबन पर जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं इन रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को स्वरोजगार के रूप में अपनाकर क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकती है। संचालन उप प्रबंधक के के वर्मा द्वारा किया गया।

## एक फोन कॉल पर मोर संगवारी घर पर आकर देगा सुविधाओं का लाभ



**भिलाई, 27 नवंबर।** मोर संगवारी सेवा योजना नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में दिये जाने हेतु मोर संगवारी सेवा का शुभारंभ दिनांक 01 मई 2022 से किया गया है। यह योजना छ्ण्गण् के सभी 14 नगर निगमों में चल रही है। इसके लिए शासन ने टोल फ्री नण् 14545 जारी किया हैए जिस पर फोन करके संगवारी एजेंट के माध्यम से नागरिक कई प्रकार के सुविधाओं का लाभ ले सकते है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 30533 आवेदन बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है। मोर संगवारी योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र के कुल.2219 आवेदनए मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल.394 आवेदनए जन्म प्रमाण के कुल.732 आवेदनए दुकान एवं स्थापना पंजीयनध्गुमास्ता लाइसेंस के कुल.331 आवेदनए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन कुल.10031 आवेदनए पैन कार्ड सेवा के कुल.253 आवेदनए आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल.11074 आवेदनए मूल निवास प्रमाण पत्र के कुल.1311 आवेदनए अनुसुचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल.56 आवेदनए पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल.266 आवदेनए आय प्रमाण पत्र के कुल.2839 आवेदनए एपीएल राशन कार्ड के कुल.231 आवेदनए विवाह सुधार के कुल.93 आवेदन बनाकर दिये जा चुके है। प्रदेश में नागरिकों को सर्टिफिक्रेट डिलीवरी करने में नगर पालिक निगम भिलाई का तृतीय स्थान है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना से न सिर्फनागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ मिला है बल्कि लोगों के समय और पैसे की भी बचत हो रही हैए साथ ही साथ सरकारी काम में भी तेजी आयी है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शासन की इस जनउपयोगी योजना का लाभ उठाएं। इस योजना का उददेश्य है नागरिको को शासकीय कार्यालयों बार.बार जाना न पड़ेए घर बैठे.बैठे काम हो जावे।

### बीएसपी बिरादरी ने राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की ली शपथ

**भिलाई, 27 नवंबर।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र में भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस ;राष्ट्रीय संविधान दिवसद्ध मनाया गया। बीएसपी बिरादरी ने भी 26 नवंबर 2024 को इस्पात भवन में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर इस्पात बिरादरी के प्रमुख के रूप में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने संविधान के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमारए कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्यायए कार्यपालक निदेशक महाप्रबंधकगण, प्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।

## निधन

### राम पदारथ शर्मा

**भिलाई, 27 नवंबर।** कोहका कुरुद रोड निवासी हनुमान मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष राम पदारथ शर्मा उम्र 72 वर्ष का



अस्वस्थता के कारण 24 नवम्बर को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम 25 नवंबर को दोपहर 1 बजे से रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गौ सेवक पवन शर्मा एवं संतोष शर्मा के पिता थे।

## एक नजर

### कुम्हारों को आबंटित भूमि पर हो रहा अतिक्रमण, हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव 27 नवंबर।** नगर में कुम्हारों के लिए ग्लेजी यूनिट हेतु आरक्षित व चिन्हांकित भूमि के सामने किये जा रहे अतिक्रमण को लेकर गुस्साये लोगों ने अतिक्रमण को हटाने की मांग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपा है और शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम करियाटोला, प. ह. नं. 24, रानिमं डोंगरगांव नगर पंचायत व तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ. ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 168/2, रकबा 0.282 है. शासकीय भूमि, उ. ग. शासन (ग्रामोद्योग भूमि) दिनांक 14.08.2023 को न्यायालय तहसीलदार महोदय, डोंगरगांव के निर्देशानुसार पार्षद, इंजीनियर, ठेकेदार, कोटवार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में उक्त स्थल मौका नाप कर ग्लेजी यूनिट हेतु भूमि चिन्हांकित कर सुरक्षित रखा गया था। उक्त स्थल पर ग्लेजी यूनिट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। उक्त निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट के सामने एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि हमारे समाज द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से अनेकों मर्तबा मना किया गया और बताया गया कि यह ग्लेजी यूनिट में आने जाने का मार्ग है तथा यूनिट का अन्य सामान भी वहां रखा जाना है। लेकिन उक्त व्यक्ति मान नहीं रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा किये गये अतिक्रमण को 24 घंटे के अंदर हटाने की कृपा करें। अन्यथा हमारे समाज के लोग मुख्य मार्ग में आकर चक्काजाम व धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### जनदर्शन में नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए दिया आवेदन

**राजनांदगांव 27 नवंबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी निवासी श्री शिव कुमार धनकर अपने घर के पास लगे विद्युत पोल को स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी निवासी श्री पन्ना लाल पटेल ने अपनी घर से आस-पास शासकीय जमीन का सीमांकन कर अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम डगनिया निवासी श्रीमती प्रमिला साहू ने आबादी जगह दिलाने के लिए आवेदन किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम खोराटोला निवासी श्री चन्दूराम ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम तुर्रेगढ़ निवासी श्री सहदेव और श्री रिकेश्वर एवं ग्राम जनकपुर निवासी श्री रोमनलाल ने वन अधिकार पट्टा दिलाने के लिए आवेदन किया।

### योग विभाग के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**डोंगरगढ़ 27 नवंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डॉ ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में 19 से 20 नवंबर को योग साइंस पीजी डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024-25 के शैक्षणिक भ्रमण गतिविधियां अंतर्गत हरिद्वार पतंजलि पीठ से प्रशिक्षित योग गुरु लेखू राम के द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र ग्रामछपरी भोरमदेव जिला कबीरधाम में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया जिसके अंतर्गत मिट्टी पट्टी, जल नीति, सूत्र नीति, शिरोधारा, स्टीम बाथ, आदि की जानकारियां दी। प्राचीन भोरमदेव मंदिर दर्शन कबीरधाम एवं अमरकंटक नर्मदा मैया, श्रीयंत्र मंदिर माई की बगिया, सांख्य दर्शन के मुनि कपिल मुनि की कपिलधारा, दूध धारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में कुश मालेकर, संजय वर्मा, शीतल, सेवकराम, दालेश्वर, कामेश्वरी, रानी, सोनिया, अंजलि, यामिनी, बबीता, मोनिका, प्रीति आदि छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

### मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन का 30 नवम्बर, 1 दिसम्बर को भव्य कार्यक्रम



**रायपुर 27 नवंबर।** मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन सद साला कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मदरसा का 100 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 30 नवम्बर एवं 01 दिसम्बर 2024 को भव्य कार्यक्रम हजरत मौलाना मो. अली फारूकी साहब (काजीए शहर) की सरपरस्ती में आयोजित किया जा रहा है। मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथपारा रायपुर की स्थापना सन 1924 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना हामिद अली फारूकी साहब ने की थी। यह मदरसा मध्य भारत का एक अजीम मर्कज है जिसने दीनी व दुनियावी तालीम देकर लोगों को शिक्षित किया एवं विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए समाज को प्रगति प्रदान की। मदरसा का 2 दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो इस प्रकार है (1) दिनांक 30 नवम्बर को दिन 2 बजे मदरसा मे परचम कुशाई होगी एवं रात 09 बजे ऑल इण्डिया नातिया मुशायरा सीरत मैदान वैजनाथपारा मे होगा जिसमे हिन्दूस्तान के मशहूर शायर अपना कलाम पेश करेगें । (2) दिनांक 01 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे सेमीनार का आयोजन होटल सिटी स्टार मे किया जाएगा। जिसमे बुद्धिजीवि वर्ग मौलाना हामिद अली फारूकी साहब के जीवन पर अपने अपने विचार रखेगें । (3) दिनांक 01 दिसम्बर को रात 09 बजे ओल्माएकेराम की तकरीर सीरत मैदान बैजनाथपारा में होगी।

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान: विष्णुदेव साय

## संविधान दिवस पदयात्रा में मुख्यमंत्री सहित मंत्रीगण और विधायक हुए शामिल



**रायपुर, 27 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज प्रातः संविधान दिवस पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। संविधान दिवस पदयात्रा पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, विधायकगण श्री इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब, श्री अनुज शर्मा, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा और युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वजीत तोमर शामिल थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। यह संविधान हमारे सदियों के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज के दिन 26 नवंबर से संविधान दिवस 2024 के आयोजन की शुरूआत हुई है। आज भारत के संविधान को आत्मसात किए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण की तस्वीर अंकित की है। उन्होंने कहा कि यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे ही अनेक चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने इंगित किया है कि हमें भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी हमारे संविधान की एक बड़ी विशेषता है कि इसमें परिवर्तनशील समय के अनुरूप आवश्यकता पड़ने पर संशोधन का भी प्रावधान है। हमारे संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं और विचारों को लादा नहीं, बल्कि अपनी दूरदर्शिता से भावी पीढ़ी के लिए यह गुंजाइश छोड़ी कि वह अपने समय की परिस्थितियों, अपने समय के ज्ञान, अपने समय की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें संशोधन कर सकें। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संविधान दिवस के इस गौरवशाली पल में हमें लोगों को संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं हमारे मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। संविधान सभा ने दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान का निर्माण किया। भारत का यह संविधान पूरे विश्व के लिए आदर्श है। संविधान केवल किताब ही नही, अपितु लोकतंत्र के जीवन का दर्शन है। संविधान कर्तव्यों और अधिकारों का निर्धारण करता है। यह देश की एकता और अंखडता का सूचक है।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि भारत के संविधान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने का आह्वान किया है। दुनिया के सबसे बड़े संविधान ने वनांचल की बेटी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने का अवसर दिया। दलितों को आगे बढ़ाने का यदि कोई साधन है तो वह है भारत का संविधान। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए देश के सभी लोगों को संविधान में दिए गए कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना होगा। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। विधायक श्री धरम लाल कौशिक ने कहा कि देश की आजादी के बाद लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान का निर्माण हुआ। संविधान दिवस संविधान निर्माताओं को नमन करने का दिन है। आज के दिन सभी को कर्तव्यों की जवाबदेही पर संकल्प लेना चाहिए। संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जो सालभर चलेगा। इसके लिए ''हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान'' टैगलाइन तय की गई है। इस अवसर पर खेल विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप, खेल विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम सहित अन्य अधिकारीगण और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर निगम में भारत के संविधान की प्रस्तावना का हुआ पठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 नवंबर।** भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने के लिये संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होने वाले तथा वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन के तहत संचालित करने के निर्देश शासन द्वारा प्राप्त हुये थे। निर्देश के अनुक्रम में आज 26 नवम्बर दिन मंगलवार को शासकीय कार्यलयों,स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया जाना है। शासन निर्देशानुसार आज 26 नवम्बर मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके व श्री संजय वर्मा की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला और प्रस्तावना को आत्मसात करने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित अधिकारियों व कर्मचारियो ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया।

### निकाय और पंचायत निर्वाचन की तैयारी के संबंध में रिटर्रिंग अधिकारियों की बैठक हुई

**राजनांदगांव 27 नवंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारी के संबंध में रिटर्रिंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची, मतदान केन्द्र, स्ट्रांग रूम, मतदान दलों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम की स्थापना, रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने सभी तहसील कार्यालयों में कंट्रोल रूम स्थापित कर जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची के दावा-आपत्तियों का निराकरण कर सूची को अद्यतन करने कहा। उन्होंने मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं के संबध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी उपस्थित थे।




## समाचार संक्षेप

### मितानिन दिवस पर सेवा में समर्पित मितानिन दीदियों का किया सम्मान



**राजनांदगांव 27 नवंबर।** वार्ड नंबर 43 बंगाली चाल सामुदायिक भवन में मितानिन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमल सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी ने बताया कि प्रतिवर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया जाता है। जो उनके सेवा और सहयोग के लिए सामूहिक आभार प्रकट करने का अवसर होता है। सेवा में समर्पित सभी मितानिन दीदीयों को मितानिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मितानिन दीदीया 24X 7 , 24 घंटे सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं देती है। यह स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं।मितानिन दीदिया प्रत्येक घर परिवार के स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता पूर्वक सोचते हुए शासन के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने में दिन-रात सहयोग करने वाली किसी भी समय अस्पताल जाने के लिए तत्पर मितानिन बहनो के हितों के बारे में सोचना हम सबका दायित्व है। उनके सेवा समर्पण को नमन करते हुए आज के कार्यक्रम में मोमेंटो, कॉपी, पेन प्रोत्साहन हेतु वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से देवशरण सेन सांसद प्रतिनिधि, पार्षद श्रीमती खे़मिन यादव, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव, विनोद श्रीरंगे,केवल साहू, श्रीमती देवकी वर्मा समन्वयक, श्रीमती किरण यादव, मिलतिन, गायत्री साहू,आशा मेश्राम, अनसुइयां, मंजुला सावरकर, गीता मारिया, संगीता यादव, लक्ष्मी साहू, निर्मला साहू, फरीदा आदि बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### रक्तदान करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण:नीलमणी साहू



**राजनांदगांव 27 नवंबर।** जिला साहू संघ के युवक-युवती परिचय विगत दिनों हर्षोल्लास से साहू सदन में सम्पन्न हुआ।जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि युवक - युवती परिचय सम्मेलन में रक्तदान - महादान के संकल्प को आत्मसात करते हुए विशेष रूप से साहू युवा प्रकोष्ठ के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया।उन्होंने कहा कि रक्त दान एक असधारण योगदान है जो न केवल किसी की जिंदगी बचाने में मददगार साबित होता है।रक्तदान अमूल्य योगदान है जिसे हर स्वास्थ्य इंसान को को करना चाहिए ताकि जरुरतमंदों आपके इस अथाह सागर के अमूल्य योगदान को संबंधित व्यक्ति जीवन भर स्मरण करते हुए ईश्वर से आपके कुशलता की मंगल कामनाएं करता है, इस शुभ भावनाओं के साथ रक्तदान करते रहना चाहिए।गौरतलब हो कि साहू सदन में दिनांक 24 नवंबर दिन रविवार को सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगना साहू के द्वारा सामाजिक जनों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया था ।जिससे रक्तवीरों में सर्व श्रीमती भुनेश्वरी साहू (नगर संयोजिका),भगवती साहू, शोभा साहू, यशवंत साहू अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक , माधव साहू सचिव अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, मिलन साहू, किरण साहू, मोतिम साहू, गिरजा साहू, केशरी साहू, शोभा साहू, चित्रांगना साहू, दीपक साहू, तुलदास साहू, डूमेश्वर साहू, महेश्वर साहू, चंदन साहू आदि रक्तवीरों ने 26 यूनिट रक्तदान किया।जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू महामंत्री नीलमणी साहू नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष नोबल साहू युवा प्रकोष्ठ संयोजक डिकेस साहू ,मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक ईश्वर साहू, पत्रकार दीपक साहू ,उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रकोष्ठ प्रवक्ता अंकालू साहू ने रक्त के रुप में महादान करने वाले रक्तवीरों की सरहाना करते हुए बधाई दी है।

### संगठन चुनाव कराने प्रभारियों की नियुक्ति

**डोंगरगढ़ 27 नवंबर।** संगठन चुनाव को लेकर 24 वार्ड के बूथ प्रभारियों ने बूथ अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरू कर दिया गया है। जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठककर पूर्व सहयोगी एवं सहसहयोगी की सूची जारी किया है। विभिन्न शक्ति केन्द्र में नियुक्त सहयोगी, सह सहयोगी, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक क्रमशः इस प्रकार है। शक्ति केन्द्र क्रमांक 1 में महेन्द्र अग्रवाल, अमित यादव, तुलसी मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नागेन्द्र परिहार, शक्ति केन्द्र 2 में प्रकाश चौरडिया, बिरेन्द्र सोनी, प्रदीप बाघ, सत्यप्रकाश मिश्रा, सौमित्र, शक्ति केन्द्र 3 में हरविंदर एस. मंगे, डी. एकेस राव, विनोद खांडेकर, कमलेश काले, रवि रंजन मंडल, शक्ति केन्द्र 4 में शशिकांत द्विवेदी, प्रिंस कक्कड़, विजेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मी यादव, मुकेश रामटेके, शक्ति केन्द्र 5 में कुलवंत कक्कड़, भागवत नामदेव, सुरेन्दर सिंग बन्नोआना, अमित छाबड़ा, राकेश अग्रवाल, शक्ति केन्द्र 6 में महेन्द्र भाई पटेल, अमित बोस, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, रमन डोंगरे, अचलासिंग ठाकुर है।

## कुमरदा सामूहिक विवाह में 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**कुमरदा 27 नवंबर।** खुज्जी विधानसभा अंतर्गत ग्राम कुमरदा में बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू जी शामिल हुई कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत सत्कार से किया गया। सामूहिक विवाह मे 16 जोड़ियों का विवाह विधि विधान के साथ हुआ। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने नव दंपति को प्रमाण पत्र उपहार भेंटकिया।आशीर्वाद देते हुए श्रीमती साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लागू की गई है जिसका उद्देश्य गरीब परिवार के कन्याओं के संदर्भ में होने वाली आर्थिक कठिनाईओ का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाली फिजुल खर्ची को रोकना एवं सादगी पूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार तथा विवाहों में दहेज के लेनदेन की रोकथाम करना है। अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने माताओ बहनों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसका अधिक से अधिक लाभ ले।इस अवसर पर किरण वैष्णव, हृदय राम देवांगन, दीनदयाल साहू, हरला कौशल चंद्रवंशी, संगीता यादव, नवीन साहू,रामायण साहू सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## धान खरीदी के लिए कांग्रेस की निगरानी समितियों का गठन शीघ्र:भागवत साहू



**राजनांदगांव 27 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस के संगठन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रभारी मंत्री मलकीत सिंह गैदु ने प्रदेश के समस्त जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर सोसाइटियों में निगरानी के लिए समिति गठित करने का आह्वान किया है। निगरानी समितियां गठित कर सोसाइटियों में भ्रष्टाचार रोकने और किसानो की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में ऐसा किया जाना विपक्ष का धर्म भी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनंदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि हाई कमान के निर्देशानुसार इस जिले के समस्त सहकारी समितियां में धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी तथा भ्रष्टाचार रोकने के लिए समितियां जल्द गठित की जाएगी। यह निगरानी समितियां उपार्जन केंद्र वार और समिति बार गठित की जाएगी। गठन के उपरांत इस आशय की सूचना पार्टी वाला कमान को दी जाएगी। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र / समितियों के माध्यम से धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ हो चुका है। धान विक्रय के दौरान किसान भाईयों खरीदी केन्द्र / समिति में किसी भी प्रकार की समस्या व प्रशासनिक व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय श्री दीपक बैज जी ने किसान भाईयों के हित में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री व्यवस्था की सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समिति का गठन किये जाने का निर्देश दिये हैं। धान खरीदी केन्द्र अंतर्गत आश्रित गांवों के कांग्रेसजन/किसानों एवं किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं को समाहित कर निगरानी समिति का गठन करें और समिति को निर्देशित करें कि वे, खरीदी केन्द्र / समिति में भ्रष्टाचार / धांधली तथा किसान भाईयों को धान बेचने में गंभीर समस्या/अव्यवस्था से जुझना पड़ रहा हो तो तत्काल दुरूस्त किये जाने हेतु संबंधित प्रशासनिक अधिकारी से सम्पर्क करें और संबंधित जिला/ब्लाक कांग्रेस कमेटी को भी अवगत करावें।

### निगम आयुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली

# सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से कार्य करने की सीख दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 नवंबर।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की सीख दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पहले दिन से ही हम एक नियम से बंध जाते है और उसी दिन से हम एक आम नागरिक से अलग हो जाते है। कार्यालय के कर्मचारियों का आचार व्यवहार व कार्य कैसा होना चाहिये, इस संबंध में चर्चा करने आज बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। अपने उच्च अधिकारियों के आदेश की अव्हेलना नही करनी चाहिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, वैसे ही निगम की जानकारी लोगो को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है। जिसे जानकारी चाहिये वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करे। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों एवं पार्षदों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है। आयुक्त ने कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुतसी जानकारिया समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। अनावश्यक अवकाश पर न रहे, कुछ कर्मचारी मेडिकल बनवाकर लंबी छुट्टी मे चले जाते है।

संपादकीय

# महाराष्ट्र चुनाव में जनता ने परिवारवाद को नकारा

हर चुनाव में कोई खास बात होती है, हर चुनाव को कोई मैसेज होता है।चुनाव में नेता भले कनफ्यूज हों लेकिन जनता कतई कनफ्यूज नहीं होती है, उसने चुनाव में तय कर लिया होता है कि उसे इस चुनाव में क्या करना है। किसको जिताना है और किसको हराना है, किसको हराना है तो किस वजह से हराना है और किसको जिताना है तो किस वजह से जिताना है। राजनीतिक दलों के नेता भले ही चुनाव में दावा करते हों कि जीत तो हमारी होगी लेकिन जीत हार तो जनता के हाथ में होती है। वह किसी को हराती है तो सोचसमझ कर हराती है और किसी को जिताती है तो बहुत सोचसमझ कर हराती है। महाराष्ट्र में भी जनता ने बहुत सोच समझ कर चुनाव में महायुति को महाविजय की सौगात दी है तो एमवीए तो ऐसी हार जिसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे कि जनता ने पता नहीं किस बात से नाराज होकर ऐसी बुरी हार दी। यह बुरी हार एमवीए की तो है लेकिन साथ ही यह महाराष्ट्र की राजनीति में बरसों से चले आ रहे परिवारवाद की भी हार है। महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस के अलावा दो परिवार का सबसे ज्यादा प्रभाव था। एक ठाकरे परिवार और दूसरा पवार परिवार। दोनों की महाराष्ट्र की राजनीति में तूती बोलती थी, कोई सरकार उनके बगैर बन नहीं सकती थी।सरकार या तो ठाकरे परिवार के सहयोग से बनती थी या पवार परिवार के सहयोग से बनती थी। कभी पवार कांग्रेस में हुआ करते थे, उनके कांग्रेस से अलग होने पर महाराष्ट्र में कांग्रेस कमजोर हुई। दोनो परिवार जितने मजबूत हुए,कांग्रेस उतनी ही महाराष्ट्र में कमजोर होती गई। कांग्रेस दोनों परिवारवादी पार्टियों को कमजोर नहीं कर सकी। दोनों ने मिलकर कांग्रेस को कमजोर कर दिया। परिवारवादी पार्टियों को सत्ता में हिस्सेदारी तब ही मिल सकती थी जब कांग्रेस कमजोर हो, इसलिए दोनों ने कांग्रेस को कमजोर कर दिया और दोनों सत्ता में आते जाते रहे। बाला साहेब के रहते शिवसेना मजबूत पार्टी रही, महाराष्ट्र में कोई भी फैसला ठाकरे की मर्जी के बिना नहीं होता था, बाला साहेब के समय पवार भी महाराष्ट्र के मजबूत नेता रहे। भाजपा महाराष्ट्र की राजनीति में शुरू से शिवसेना से साथ छोटे भाई की भूमिका में रही। क्योंक हिंदू समाज में जनाधार शिवसेना के बिना बन नहीं सकता था। भाजपा ने शिवसेना के सहयोग से महाराष्ट्र में अपने को मजबूत किया।शिवसेना के उध्दव ठाकरे को यह पसंद नहीं आया कि भाजपा उसके सामने बड़ा भाई बने इसलिए उसने चुनाव तो भाजपा के साथ मिलकर लड़ा।लेकिन चुनाव के बाद सीएम पद को लेकर भाजपा से अलग हो गई और कांग्रेस,एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। यह भाजपा के साथ धोखा था, इसलिए भाजपा ने मौके का इंतजार किया और मौका मिलने पर उध्दव व शरद पवार दोनों को सबक सिखाया।दोनों के अपने लोगों ने पार्टी तोड़ दी। भाजपा ने इस तरह महाराष्ट्र की राजनीति में परिवारवाद पर पहला तगड़ा प्रहार किया इससे महाराष्ट्र में परिवारवाद समाप्त नहीं हुआ लेकिन परिवारवाद कमजोर जरूर हुआ।परिवारवादी राजनीति कमजोर हुई। इसके बाद परिवारवाद को समाप्त करने के लिए जरूरी था कि जनता इनके खिलाफ फैसला सुनाए और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता ने उध्दव ठाकरे व शरद पवार को संदेश दे दिया है कि आपके दिन पूरे हुए। जितने दिन परिवारवाद की राजनीति करनी थी, कर ली, अब महाराष्ट्र में परिवारवाद की राजनीति नहीं चलने वाली है। जनता ने चुनाव में शिंदे को असली शिवसेना मानकर बहुत सीटों पर जिताया और उध्दव ठाकरे के रूप में परिवारवाद को बुरी तरह हराया। इसी तरह असली एनसीपी अजीत पवार की पार्टी को मानकर जनता ने शरद पवार को बुरी तरह हराकर उनकी बरसों से चले आ रहे परिवारवाद को हराया है। उध्दव ठाकरे व शरद पवार को बड़ी उम्मीद थी कि जिस तरह लोकसभा में जनता ने उनका समर्थन किया था, विधानसभा में भी करेगी। जनता की जितनी सिम्पैथी थी वह एक चुनाव में मिल गई लेकिन दूसरे चुनाव में जनता ने योग्य कौन है, यह देखकर वोट दिया है। जनता को उध्दव ठाकरे से ज्याद योग्य शिंदे लगे और शरद पवार से ज्यादा योग्य अजीत पवार लगे। इसलिए जनता ने उध्दव व शरद पवार को नकार दिया और शिंदे व अजीत पवार को जिताया। राजनीतिक रूप से ज्यादा मजबूत किया ताकि वह महाराष्ट्र की राजनीति में अहम भूमिका निबाह सके। उध्दव ठाकरे व शरद पवार को इस बात की सजा भी जनता ने विधानसभा चुनाव में दी क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों ने जनादेश का अपमान किया था। जनता ने सरकार बनाने के लिए भाजपा व शिवसेना को चुना था, लेकिन शरदपवार व उध्दव ने आपस में मिलकर सरकार बना ली। इसके बाद शिवसेना में टूट से सरकार फिर बदल गई। यह भी जनादेश के खिलाफ था। इस बार जनता ने ऐसा जनादेश दिया है कि कोई राजनीतिक दल इधर या उधर जाकर कोई ग़ड़बड़ी नहीं कर सकता। कोई परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दे सकता।वैसे तो परिवारवाद के खात्मे की शुरुआत दिल्ली से हो चुकी है, वहां से तीन बार हो गया जनता कांग्रेस को नकार रही है यानी परिवारवाद को नकार रही है। हरियाणा में भी जनता परिवारवाद को नकारा है। पंजाब में भी परिवारवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। यूपी में भी जनता ने अखिलेश को नकार कर एक तरह से परिवारवाद को नकारा है। हाल ही नौ विधानसभा चुनाव में सात में हराकर बता दिया है कि परिवारवाद को जनता पसंद नहीं करती है। बिहार में लालू परिवार सत्ता से बाहर है। आंध्रा में परिवारवाद गत चुनाव में हारा है, तमिलनाडु में परिवारवाद एक दो चुनाव में समाप्त हो जाएगा। परिवारवादी दल तो रहेंगे लेकिन जनता उनको निरंतर सत्ता सौपने वाली नहीं हैं। मोदी के आने के पहले कौन सोचता था कि परिवारवाद कभी समाप्त होगा। लेकिन आज जनता खुद परिवारवाद को नकार रही है।

विश्लेषण

निर्मल रानी

# तो यह है 'विश्व गुरु' भारत में इंसानी जान की कीमत ?



सत्ता, गोदी मीडिया व 'अंधभक्तों' की जमाअत संयुक्त रूप से भारत को विश्वगुरु साबित करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये है। 7 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'ज्ञान' व उसकी विचारधारा को भारतीय शिक्षा से जोड़ने का अथक प्रयास करने वाले,शिक्षा बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक दीनानाथ बत्रा का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे एक राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था विद्या भारती के महासचिव भी थे। बत्रा ने अपना सारा जीवन इसी तरह की बातों को सही साबित करने की कोशिशों में खपा दिया कि हवाई जहाज का अविष्कार राइट ब्रदर्स ने नहीं किया बल्कि यह भारतीय पौराणिक काल की उपलब्धि थी। इसी तरह टेलीविजन के अविष्कार को वे वर्तमान आधुनिक विज्ञान की देन नहीं मानते थे बल्कि इसे महाभारतकाल के पहले की भारतीय खोज बताते थे। ऐसे सैकड़ों विज्ञान सम्मत बातों पर उनके निजी विचार भले ही विश्व स्वीकार्य हों या न हों परन्तु भारत को कथित तौर से 'विश्वगुरु' साबित करने के दिशा में ही एक उठाये गये कदम थे। परन्तु भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में विश्व में स्थापित करने की इन्हीं कोशिशों के बीच शायद हम यह भूल जाते हैं कि विश्व का नेतृत्व करने की आकांक्षा रखने वाले हमारे देश के अपने नागरिकों की जान माल आखिर कितनी सुरक्षित है ? और दशकों से इंसानी जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी कमजोर कड़ियों से निपटने का हमने अब तक क्या उपाय किया है ? कोई उपाय किया भी है या नहीं ? या सत्ता इस बात को ही अंगीकार कर चुकी है कि बिना सुरक्षित उपायों के ही जब जनता को आसानी से मूर्ख बनाया जा सके तो ऐसे किसी उपायों की जरुरत ही क्या है ? मिसाल के तौर पर बोरवेल में बच्चों के गिरने की देश में कितनी घटनाएं हो चुकीं। कहीं जांबाज सहायता कर्मियों ने अपने अथक प्रयासों से बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल कर उन्हें बचाया तो कई जगह बच्चों को बचा पाना संभव नहीं हो सका। परन्तु ऐसे खबरों का सिलसिला आज भी थमा नहीं है। कहीं मेन होल टूटने या उसका ढक्कन न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है तो कभी इसी मेन होल की सफाई करते समय कोई सफाई कर्मचारी जहरीली गैस के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठता है। जगह जगह सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। सांड़,गाय व आवारा कुत्ते तो देश के किसी न किसी भाग में रोजाना राहगीरों की जान लेते ही रहते हैं। इन्हीं आवारा पशुओं के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कभी कभी तो ट्रेन हादसों की भी झड़ी सी लग जाती है। कभी 30 अक्टूबर 2022 की गुजरात के मोरबी नामक शहर के मच्छु नदी में बने मोरबी पुल टूटने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है



जिसमें 141 लोगों की नदी मन बह जाने से मौत हो जाती है। तो कभी अस्पतालों में यहाँ तक कि बच्चों के अस्पतालों में आग लग जाती है जिसमें जीवित शिशु झुलस कर मर जाते हैं। ऑक्सीजन की कमी या अभाव से भी लोगों के मरने की खबरें आती ही रही हैं। ऐसे और भी अनेक कारणों से 'विश्वगुरु' देश के वासी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करते। इंसान की जान से खिलवाड़ करने वाली सरकारी लापरवाही की ऐसी ही एक दिल दहलाने वाली घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बरेली के निकट फरीदपुर - बदायूं मार्ग पर स्थित राम गंगा नदी पर निमार्णाधीन एक पुल पर हुई। इस निमार्णाधीन पुल का रास्ता किसी अवरोध या संकेत के माध्यम से बंद नहीं किया गया था। उधर गूगल मैप ने भी इसी आधे अधूरे पुल का मार्ग बताया। उसी मार्ग पर शादी से लौट रहे तीन दोस्त अपनी बुलेरो गाड़ी से पूरी रफ़्तार से इसी विश्वास से चल पड़े कि चूँकि पुल का मार्ग खुला है और गूगल मैप भी यह रास्ता सुझा रहा है लिहाजा मार्ग चालू ही होगा। परन्तु वह अर्धनिर्मित पुल हवा में लटका हुआ था। नतीजतन तेज रफ़्तार बुलैरो नदी में जा गिरी जिससे तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी और वाहन के भी चीथड़े उड़ गये। इस हादसे के बाद अब जानकारी मिल रही है कि रामगंगा नदी पर पिछले साल सितंबर में संपर्क मार्ग बह जाने के बाद से ही यह पुल अर्धनिर्मित अवस्था में ही पड़ा हुआ है। अब यह भी बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग ने रामगंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल से पहले किसी तरह का बैरियर या अवरोध नहीं लगाया था। इस हादसे का जिम्मेदार पुल निर्माण करने वाली कंपनी, इसके ठेकेदार व प्रशासन की लापरवाही को भी बताया जा रहा है। वाहनों को पुल पर आने से रोकने के लिए लोगों को सावधान करने की गरज से यहां कोई बोर्ड, संकेत या सूचना नहीं लगाई गई है अथवा किसी तरह का अवरोध नहीं लगाया गया था। यहाँ तक कि संबंधित विभाग ने गूगल मैप पर रूट में बदलाव भी नहीं करवाया था। अर्थात यह पुल अर्धनिर्मित है इस बात की जानकारी गूगल पर अपडेट नहीं थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में लोक निर्माण विभाग के चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस को दी गई तहरीर में गूगल मैप्स के क्षेत्रीय प्रबंधक को भी जिम्मेदार माना गया है। इसी तहरीर में आरोप है कि -लोक निर्माण विभाग के इन अधिकारियों ने जानबूझकर पुल के दोनों किनारों पर मजबूत बैरिकेडिंग, बैरियर या रिफ़्लेक्टर बोर्ड नहीं लगवाए, न ही रोड के कटे होने की सूचना के बोर्ड आदि लगवाए गए। बरेली में हुये इस हादसे के बाद जब खोजी पत्रकारों ने दूर दराज के ही नहीं बल्कि राजधानी दिल्ली के कई ऐसे पुल व फ़्लाई ओवर व एक्सप्रेस वे ढूंढ निकाले जो इसी तरह के हादसों को न्यौता देते हैं। इनमें भी कई जगह वाहनों को रोकने के लिये कोई संकेत या अवरोध नहीं है,कहीं पुलों पर गड्ढे हैं। आजादपुर,पंजाबी बाग,रजौरी गार्डन,मयूर विहार जैसे भीड़ भरे और जाम लगने वाले ऐसे इलाकों में भी प्रशासनिक लापरवाहियां सर चढ़ कर बोल रही हैं। सच पूछिये तो इन लपवाहियों के पीछे भी भ्रष्टाचार और प्रशासनिक गैर जवाबदेही ही मुख्य कारण है। इसलिये भले ही हम गगन चुंबी धार्मिक नारों की आवाजों में डूबकर स्वयं को कितना ही महान क्यों न समझने लगें और धर्म रुपी अफीम की चाशनी में डूबकर विश्व गुरु बनने के सपने लेते रहें परन्तु हकीकत में तो यही है 'विश्व गुरु' भारत में इंसानी जान की कीमत ?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपका कोई कानूनी मामला लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कुछ योजनाएं फलीभूत होंगी, जिनसे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए रहेगा। आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। नौकरी को लेकर यदि आप बदलाव करना चाहते हैं, तो वह आप कर सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई-लिखाई से भटक सकता है। आपको बिजनेस में किसी डील को फाइनल करने के लिए अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह आपको कोई अच्छी सलाह दे सकेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप राजनीति में किसी के कहने में आएं, नहीं तो आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को भी मिल बैठकर दूर करना होगा। आपके किसी काम में यदि कोई गलती हुई थी, तो उसके लिए आपको अपने बॉस से माफी मांगनी पड़ सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी संतान की समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो वह किसी गलत काम की तरफ अग्रसर हो सकते हैं। आपको किसी गैर कानूनी मामलों में पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजनेस में आपको कोई महत्वपूर्ण फैसला बहुत ही सोच समझकर ले। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करना होगा, जिसके लिए आप अपने गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं। माता जी को आप किसी धार्मिक आयोजन में लेकर जा सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। पारिवारिक समस्याएं यदि लंबे समय से आपको घेरे हुए थे, तो वह भी दूर होगी। व्यवसाय में काम अधिक रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। काम से जुड़ा कोई फैसला आप अपने पिताजी की मदद से ले सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। यदि किसी काम को लेकर कोई गलतफहमी हो रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। यदि आपका कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। धन को लेकर आप किसी मामले में लापरवाही ना दिखाएं। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आपको पूरा करना होगा। प्रेम-सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। बड़ों के आशीर्वाद से आपको कोई नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति हो सकती है। किसी काम में बेवजह न पड़े, नहीं तो उससे आपको कोई नुकसान भी हो सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान दें। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आपको अपने बजट पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि आप कुछ बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं। बिजनेस में आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। कोई काम यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी से व्यर्थ के वाद-विवाद में ना पड़े, नहीं तो इससे आप अपने कीमती समय को ही बर्बाद करेंगे। यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कोई सलाह दे, तो वह आपके खूब काम आएगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जिसमें आप किसी बड़े व्यक्ति से कोई राय ना लें। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। बिजनेस में आपका कुछ नया करने का मन करेगा। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के जरिए काम करके अपने कामों को आसानी से पूरा कर सकेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको व्यस्त रहने के कारण वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आप अपने कामों में काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन आप अपने पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान दें। बिजनेस कर रहे लोगों ने यदि किसी काम को लेकर लापरवाही दिखाई, तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको मान-सम्मान मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपको कुछ विशेष परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपको घर-परिवार में छोटी-मोटी बातों का पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील देंगे, तो उसमें उन्हे समस्या हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा और सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों की सराहना होगी, लेकिन आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को रखने से बचना होगा। आपकी किसी दूर रह रहे परिजन से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। यदि किसी काम को लेकर कोई उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। सरकारी मामलों में आप थोड़ा सोच समझकर ही कदम आगे बढ़ाएं, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

व्यंग्य

# स्माइल, सेल्फी और हरियाली का खेल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



हर साल की तरह इस साल भी 'महानगर का महोत्सव' बड़े धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का यह वार्षिक आयोजन प्रशासन के अद्वितीय प्रयासों का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि इसमें आम जनता को बताया जाता है कि 'हम' कितने संवेदनशील हैं और आप सब कितने 'विनम्र' हैं। आयोजन का मुख्य विषय था झ ₹सफाई हमारे हाथों में है,₹ और यह सुनिश्चित करना था कि गंदगी पर कुछ तो नियंत्रण रखा जा सके, भले ही बस पोस्टरों पर ही क्यों न हो। इस बार कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए मंत्री महोदय स्वयं उपस्थित हुए थे, जो इस अवसर पर गंगा जल लेकर 'स्वच्छता की कसम' लेने को तैयार थे। मंच सजाया गया था, सफेद गुलाबों और कृत्रिम पौधों से झ क्योंकि असली पौधों में पानी देने का झंझट न हो, इसलिये नकली ही ठीक। मंच के पीछे एक बड़े बैनर पर लिखा था, ₹देश स्वच्छ हो रहा है झ लेकिन धीरे-धीरे,₹ मानो किसी फिल्म का नाम हो। कार्यक्रम की शुरूआत 'स्वच्छता प्रतिज्ञा' से हुई, जिसमें सभी सरकारी कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई कि वे हर साल एक बार झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाएंगे और उसे सोशल मीडिया पर डालकर अपने कर्तव्य का निर्वाह करेंगे। इस प्रतिज्ञा में एक लाइन यह भी जोड़ी गई थी कि वे झाड़ू पकड़ने की ट्रेनिंग भी लेंगे, ताकि 'सही कोण से झाड़ू कैसे पकड़ा जाए,' यह वे समझ सकें। इसके बाद मंत्री महोदय का भाषण हुआ। उन्होंने माइक के सामने खड़े होकर, वैसे तो खुद से, परंतु मानो जनता से संवाद कर रहे हों, बोलना शुरू किया झ ₹हमें सफाई के प्रति गंभीर होना चाहिए। देश को स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी है, पर हम यह अकेले नहीं कर सकते। जनता को आगे आना होगा। आपको समझना होगा कि यह आपके ही लिए है।₹ इस बीच वह इधर-उधर देख रहे थे, जैसे किसी गुमशुदा दर्शक को ढूंढ रहे हों। फिर माइक से कुछ दूरी पर खड़े उनके सहायक ने धीरे से याद दिलाया, ₹सर, कैमरा यहाँ है।₹ मंत्री महोदय तुरंत मुस्कुराए और कैमरे की ओर निहारते हुए कहा, ₹हमें अपने बच्चों के लिए स्वच्छ भविष्य छोड़ना है। यह एक महान कार्य है।₹ भाषण खत्म होते ही माइक के पास खड़ी टीम ने तुरंत तालियां बजाईं, ताकि उनकी गंभीरता का आभास होता रहे। इसके बाद 'स्वच्छता कर्मवीरों' को सम्मानित करने का दौर आया। अब इन्हीं कर्मवीरों में वह सफाई कर्मचारी शामिल थे, जो सालभर सिर्फ तभी दिखते हैं जब कोई वीआईपी दौरा हो। इन कर्मवीरों को स्मृति-चिह्न और एक जोड़ी सफेद दस्ताने प्रदान किए गए। उनके चेहरों पर हंसी और घबराहट का अजीब सा मिश्रण था। इनमें से एक कर्मवीर ने पूछ लिया, ₹साहब, ये दस्ताने हर साल मिलते हैं, क्या कभी सफाई के उपकरण भी मिलेंगे ?₹ इस सवाल का जवाब मंत्री महोदय ने नहीं दिया; वह तब तक प्रेस से घिरे हुए थे और अपनी तस्वीरें खिंचवा रहे थे। अब महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण भाग था झ 'प्रदूषण मुक्त रैली।' इसमें स्कूली बच्चे शामिल किए गए थे, जिन्हें छोटे-छोटे झंडे पकड़ा दिए गए थे। बच्चों को सिखाया गया था कि ₹स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत₹ जैसे नारे कैसे लगाए जाते हैं। बीच-बीच में बच्चों को चॉकलेट भी दी जा रही थी, ताकि उनके जोश में कोई कमी न आए। दूसरी तरफ, बच्चों की माताओं को, जो इस भीड़ का हिस्सा बनी थीं, यह देखना पड़ा कि कैसे उनके बच्चों के झंडे हाथ में होते ही शहर का एक और कोना कुछ देर के लिए 'साफ' दिखता था। रैली खत्म होने के बाद सड़क पर कचरे के ढेर लग चुके थे। रैली में चले सरकारी अधिकारी और नेता अपने वाहनों में लौट चुके थे, छोड़ गए बच्चों के झंडों और चॉकलेट के रैपर्स से पटे हुए फुटपाथ। एक सफाई कर्मी ने पास खड़े एक अन्य सफाई कर्मी से कहा, ₹अब हमें इन झंडों की सफाई भी करनी होगी। स्वच्छता अभियान को स्वच्छ रखना भी हमारी ही जिम्मेदारी है !₹ महोत्सव की समाप्ति पर मीडिया के कुछ प्रतिनिधियों ने मंत्री महोदय से पूछा कि क्या इस तरह के आयोजन से वाकई में गंदगी कम होगी। मंत्री महोदय ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया, ₹हम कोशिश कर रहे हैं। सफलता के लिए जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा।₹ वापस लौटते समय मंत्री महोदय के काफिले ने जिस सड़क से गुजरा, वह उस क्षेत्र का सबसे गंदा इलाका था, लेकिन काफिला पास से गुजरता रहा और मंत्री जी की नजरें बस अपने मोबाइल स्क्रीन पर लगी रहीं। जनता के प्रतिनिधियों का कर्तव्य जो था झ कि वे जनता से दूर रहकर जनता के हित में कार्य करें। इस तरह हर साल की तरह इस साल का 'महानगर का महोत्सव' अपने चरम पर पहुंचा और इसके बाद सबकुछ वापस उसी पुरानी स्थिति में लौट आया। जनता को थोड़ी देर के लिए यह विश्वास दिलाया गया कि 'हम' कुछ कर रहे हैं, और 'वे' जागरूक हो रहे हैं। एक सफाई कर्मी, जो अभी तक मंत्री महोदय के वक्तव्य को याद कर रहा था, अपने साथी से बोला, ₹भाई, हम झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाते रहेंगे, और शहर अपने तरीके से चलता रहेगा। आखिर, स्वच्छता के नाम पर उत्सव करने का जो आनंद है, वह शायद ही किसी और में हो।

जन्मदिवस


# बने रहे यह पीने वाले, बनी रहे यह मधुशाला

(डॉ. मुकेश ₹कबीर₹-विनायक फीचर्स)

हरिवंश राय बच्चन उन गिने चुने कवियों में से हैं जिनका गद्य भी उतना ही सशक्त था जितना कि पद्य। उनके बारे में हुल्लड़ मुरादाबादी का दोहा भी इसी तरह का है-

गद्य पद्य में एक सी जो भी कलम चलाए,
इस दुनिया में वोही शख्स हरिवंश कहलाए।

हुल्लड़ जी की यह पंक्तियां बिल्कुल सही भी हैं ,यही कारण है कि बच्चन एकमात्र ऐसे साहित्यकार हैं जिनको पद्य और गद्य दोनों रचनाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। उनके कविता संग्रह *दो चट्टानें* को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला और गद्य रचना *दशद्वार से सोपान तक* को सरस्वती सम्मान मिला। *दशद्वार से सोपान तक* उनकी आत्मकथा है जो बहुत रोचक है और एक तरह से आत्मकथा लिखने वालों के लिए स्कूल की तरह है । यह कृति सच्चाई,मयार्दा और सरलता का अद्भुत संगम है।आमतौर पर लोग आत्मकथा लिखने में या तो बहुत विनम्र,बेचारे हो जाते हैं या फिर जरूरत से ज्यादा साहसी लेकिन बच्चन जी की आत्मकथा में संतुलन है और घटनाओं का वर्णन भी ऐसा बिन्दुवार और रोचक है कि यह गद्य भी कविता की लय और गहराई तक पहुंच जाता है,और कोई भी पढ़ने वाला बोर नहीं होता । यही बच्चन की कलम की ताकत है। यही प्रभाव उनकी कविताओं का भी है । उन्होंने बहुत सरलता से गहरी बातें कहीं हैं । यही कारण है कि उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं बल्कि उनके कई टाइटल तो आज आम जीवन के मुहावरे बन चुके हैं । जैसे *बीत गई सो बात गई* या *नीड का निर्माण* या फिर *मधुशाला*। मधुशाला उनकी सबसे चर्चित कृति है , मधुशाला और बच्चन जी एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं,हालांकि जब यह लिखी गई थी तब इसका विरोध भी हुआ था लेकिन बाद में यह एक क्लासिक रचना मानी जाने लगी। उन्होंने मधुशाला का पहली बार पाठ बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में किया था,जहां वो प्राध्यापक थे। जिस दिन मधुशाला उन्होंने सुनाई तब छात्र और श्रोताओं की संख्या कम थी इसलिए ज्यादा लोगों तक पहुंच नहीं पाई लेकिन जिन गिने चुने छात्र और स्टॉफ ने यह रचना सुनी थी उन्होंने इसकी इतनी तारीफें कर दीं कि पूरे विश्वविद्यालय में यह बात फैल गई और उस वक्त के छात्र संघ अध्यक्ष ने एक आयोजन सिर्फ बच्चन को सुनने के लिए ही किया। पब्लिसिटी खूब हो चुकी थी इसलिए हॉल खचाखच भरा था। उस वक्त कविता सुनने का क्रेज था और कवि को वैसा ही सम्मान और लोकप्रियता हासिल थी जैसी आज किसी बड़े फिल्म स्टार को या क्रिकेट स्टार को हासिल है। तब नए कवि को सुनने की उत्सुकता जरा ज्यादा ही होती थी इसलिए लोग इतने थे कि पैर रखने की जगह भी नहीं बची। सीढ़ियों पर भी लोग बैठ गए थे। जब बच्चन जी मंच पर आए तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से गर्मजोशी के सादर स्वागत हुआ। तब वो युवा तो थे ही खूबसूरत भी बहुत थे इसलिए पहला



इंप्रेशन तो बहुत अच्छा पड़ा और फिर जब उन्होंने मधुशाला सुनाई तो छात्रों में अथाह उत्साह और उमंग की लहरें दौड़ने लगीं, तब छात्रों ने इसको शराब तक ही सीमित समझा, तो कई पीने वालों को तो बच्चन जी में अपना मसीहा दिखने लगा जो पीने पिलाने की सरेआम की वकालत कर रहा है। करीब दो घंटे तक बच्चन जी सुनाते रहे और कोई भी टस से मस नहीं हुआ और जब यह रचना पूरी हुई तो तालियों की गड़गड़ाहट और एक बार और की फरमाइश और स्टैंडिंग ओबेशन कुल मिलाकर सुपर हिट आयोजन और बस दो घंटे में ही बच्चन जी हीरो बन गए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में। खास बात यह कि उस जमाने में जो बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध हो जाता था उसकी चर्चा पूरे देश के साहित्य जगत में पहुंच जाती थी,यही बच्चन जी के साथ हुआ। वे बहुत ही जल्दी पूर्वांचल फिर अवध और जल्दी ही दिल्ली तक ख्यात हो गए और कवि सम्मेलनों में आमंत्रित किए जाने लगे। कवि सम्मेलन में बच्चन जी जल्दी ही इतने प्रसिद्ध हो गए कि वे कवि सम्मेलन की अनिवार्यता बन गए। उनको कवि सम्मेलनों का पहला सुपर स्टार कहा जा सकता है,क्योंकि लोग इनका इंतजार करते थे और कुछ लोग तो ढोलक,मजीरे लेकर भी आते थे ताकि बच्चन के साथ बजा सकें। बच्चन ने मधुशाला जितनी अच्छी लिखी थी उतना ही अच्छा उनका प्रस्तुतीकरण भी था,मधुर आवाज और सुरीली गायकी से ऐसा समां बंध जाता था कि पूरी पूरी रात लोग बैठकर सुनते थे । यह वह दौर था जब भारत में मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन कवि सम्मेलन ही हुआ करते थे । तब गाने वाले कवि भी बहुत कम थे । आजादी का नशा खत्म नहीं हुआ था इसलिए ज्यादातर कवि ओज सुनाते थे । तब बुलंद आवाज और जोश कवियों की खासियत मानी जाती थी । ऐसे दौर में बच्चन जब मधुर गायकी लेकर मंच पर आए तो पूरा माहौल ही बदल गया । इसका फायदा कवि सम्मेलनों को भी हुआ और बच्चन जी को भी,दोनों ने एक दूसरे को लोकप्रियता दिलाई। तब बच्चन जी युवाओं में सबसे ज्यादा पॉपुलर थे और युवा उनकी तरह बनना चाहते थे । उन्होंने कई युवा कवियों को प्रेरित किया जो आगे जाकर बड़े कवि बने उनमें से नीरज जी भी एक हैं। नीरज ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि बच्चन को देखकर ही मैं मंच की तरफ आकर्षित हुआ और उनको देखकर ही मैने मंच पर गीत और गाना शुरू किया,बाद की कहानी तो हम सब जानते हैं कि नीरज जी अपने गुरु से भी आगे निकल गए।नीरज जी को पहली बार मंच पर भी बच्चन जी ही लेकर गए थे,उस दिन बस में भीड़ बहुत थी बच्चन जी को तो सीट मिल गई लेकिन युवा नीरज खड़े रहे तब बच्चन जी ने युवा नीरज को अपनी गोद में बैठा लिया और तभी नीरज ने घोषणा कर दी कि मै बड़ा कवि बनूंगा ,इसका कारण पूछने पर बोले कि जो आपकी गोद में बैठ चुका हो जिसके सर पर आपका हाथ रखा जा चुका हो वो नहीं तो कौन बनेगा बड़ा कवि ? और यह बात सच साबित हुई। बहरहाल बच्चन की बात करें तो उनकी मधुशाला की लोकप्रियता देखकर उनके ही एक कलीग ने मधुशाला की पैरोडी ताड़ीशाला लिखी लेकिन वह ज्यादा पॉपुलर नहीं हो सकी । उसका सबसे बड़ा कारण यही था कि बच्चन का प्रस्तुतीकरण भी कमाल का था।

बच्चन जी जितने सशक्त मंच पर थे उनका साहित्य भी उतना ही सशक्त रहा है,यह भी एक बिरली बात है जो हर कवि में नहीं होती । बच्चन जी की रचनाएं बहुत प्रेरणादायी होती हैं और साथ ही उनका मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक पक्ष भी बहुत मजबूत है। मधुशाला भी शुरू में भले ही किसी कारण से लोकप्रिय हुई हो लेकिन बाद में जब इसका दार्शनिक पक्ष लोगों को समझ आया तो फिर यह पुस्तकालयों की अनिवार्यता बन गई । यहां तक कि पेरेंट्स खुद अपने बच्चों को मधुशाला पढ़ने के लिए देने लगे।

## एक नजर

### ग्राम धामनकोंटा में राशन दुकान संचालन के लिए 4 दिसंबर तक आवेदन

**सुकमा, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव निर्देशानुसार जिले के अनुविभाग छिंदगढ़ अंतर्गत 01 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किया जाना है। जिसके तहत विकासखण्ड छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिउरवाड़ा के आश्रित ग्राम धामनकोंटा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक ग्राम पंचायत, स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समिति उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में 04 दिसंबर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

### शिक्षकों की अनुपस्थिति पर वेतन कटौती के दिए निर्देश

**सुकमा, 27 नवंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शाला संचालन की स्थिति की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मंडावी ने आश्रम शालाओं और अन्य शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री टीकम साहू व्यायाम शिक्षक जगरगुण्डा, श्री महेन्द्र देवांगन व्याख्याता जगरगुण्डा, श्रीमती तुलेश्वरी ठाकुर प्रधान पाठक कुकानार, श्री चम्पेश्वर पाण्डे सहायक शिक्षक चिन्तलनार, नागेश्वरी मोरला सहायक शिक्षक मेहता, श्री विजय कुमार शिक्षक तारलागुड़ा, श्रीमती मंजू ध्रुव प्रधान अध्यापक मिसीगुड़ा, श्री रमेश कुमार शिक्षक उरसांगल, श्रीमती भगवती सिंह सहायक शिक्षक नागाराम अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए संबंधित डी.डी.ओ. को इनके वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं।

### वॉक-इन-इन्टरव्यू 2 दिसंबर को

**सुकमा, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सुकमा जिला में अखिल भारतीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई - नीट की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान करने प्रशिक्षकों का चयन हेतु दर्शित विषय पर वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन 02 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10ः00 बजे से संलग्न समय-सारणी अनुसार स्थान जीईई-नीट कोचिंग सेन्टर सुकमा में किया जाएगा। वॉक-इन-इन्टरव्यू एवं विज्ञापन प्रारूप की सम्पूर्ण जानकारी हेतु सुकमा जिले के आधिकारिक वेबसाईट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

### भूमिपूजन के पहले ही कामों की बंदरबांट

**सुकमा, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नगरपालिका परिषद सुकमा में भूमिपूजन के नाम से महात्मा गांधी वार्ड और कोट्टीगुडा वार्ड के साथ भेदभाव आखिर नगरपालिका में अधोसंरचना मद से निर्माण कार्यों का निविदा आमंत्रित कब किया गया। आखिर मंत्री जी के भूमिपूजन के पहले ही कामों को हो गया बंदरबांट जनसमस्या निवारण में वार्ड क्रमांक 07 का सी.सी.सड़क की मांग और कोट्टीगुडा में सी.सी.सडक की मांग मांग ही रह गया। नगरपंचायत से नगरपालिका बनने के बाद भी कोट्टीगुडा वार्ड का सड़क नहीं बन पाया इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। जबकि विभागीय मंत्री जी के आगमन पर जनप्रतिनिधि मंच पर बैठने के बाद खामोश नजर आते हैं बस फोटो फोटो चलता रहता है।क्या जिले की नेशनल हाईवे,जिला अस्पताल में डॉक्टरों की समस्या, छात्रवासों की समस्या, रोजगार का सवाल, भ्रष्टाचार पर लगाम, स्थानीय युवाओं को नौकरियां में प्राथमिकता के साथ और भी सवाल है। बगैर निविदा आमंत्रित किया हुआ होने पर जल्द ही नपा के जिम्मेदार अधिकारीयों के खिलाफ हल्ला बोल और जल्द ही कलेक्टर सर को अवगत कराया जाएगा।। तत्काल इसे निरस्त कर पुनः टेंडर लगाया जाए।

### गिरदावरी में सत्यापन के अनुरूप धान का विक्रय करें किसान

**जगदलपुर 27 नवम्बर।** राज्य सरकार की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के तहत गिरदावरी में सत्यापित रकबा एवं फसल के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। वहीं किसानों को अपनी उपज के विक्रय करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह देते हुए किसी अन्य का धान स्वयं के खाते से नहीं बेचने की अपील की गई है। इस दिशा में किसानों के द्वारा विक्रय किए जा रहे धान की जांच नोडल अधिकारी कर रहे हैं। साथ ही सम्बन्धित अन्य अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में बस्तर विकासखण्ड के बालेंगा धान खरीदी केन्द्र पर एक किसान द्वारा गिरदावरी में सत्यापित रकबा 1.04 हेक्टेयर से अधिक 1.75 हेक्टेयर का टोकन कटवाकर दूसरे किसान के धान का विक्रय करने के प्रयास किए जाने के परिणामस्वरूप उक्त धान को जप्त कर सम्बधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय दंडाधिकारी बस्तर से इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान सतत निगरानी एवं जांच की जा रही है। साथ ही धान खरीदी केन्द्रों का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम बस्तर श्री एआर राणा ने बताया कि मंगलवार को धान खरीदी केन्द्र बालेंगा में एक किसान द्वारा गिरदावरी में दर्ज रकबा से अधिक रकबे का टोकन प्राप्त कर अतिरिक्त धान विक्रय करने की जानकारी उक्त धान खरीदी केन्द्र प्रभारी द्वारा दी गई। इस सूचना के आधार पर निरीक्षण के लिए पहुंची तहसीलदार जॉली जेम्स को एक किसान द्वारा गिरदावरी में सत्यापित रकबे से ज्यादा रकबे का टोकन कटवाकर अन्य किसान के धान विक्रय करने का प्रयास करते पाया गया। इस मौके पर लाए गए 32 क्विंटल अतिरिक्त धान को जप्त किया गया और जप्त धान को मंडी निरीक्षक के सुपुर्द किया गया।

# जिला मुख्यालय कोडागांव में संविधान दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव 27 नवंबर।** आज 26 नवंबर 2024 को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के आदमकद प्रतिमा के समक्ष सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग , पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के तत्वाधान में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री जसकेतु उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोडागांव, कार्यक्रम अध्यक्षता धंसराज टंडन, अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग , विशिष्ट तिथि श्री एम डी बघेल ,संरक्षक अनुसूचित जाति वर्ग, नीलकंठ शार्दुल, संरक्षक पिछड़ा वर्ग , श्री दीपेश अरोरा जिला अध्यक्ष भाजपा , सी एल मेश्राम



जिला अध्यक्ष बौद्ध समाज, लखमू राम टंडन प्रधान संयोजक सतनामी समाज, शीतल कोराम मुख्य सलाहकार अनुसूचित जाति वर्ग ,एस आर सोरी ,सचिव एसटी एससी ओबीसी मूलनिवासी समाज, शंकर विश्वकर्मा सदस्य लोह बोर्ड , सुखदेव सिंह सिख समाज, तरुण गोलछा पार्षद, यतीद्र सलाम ब्लॉक अध्यक्ष एसटीएससी मूलनिवासी समाज, तरुण नाग उत्कल समाज सचिव, सुश्री गुनमती नायक पूर्व पार्षद ,दिनेश डे मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोंडागांव उसेंडी एसडीओ लोक निर्माण विभाग, सौरभ उपाध्याय थाना प्रभारी कोंडागांव, सूरज मतलाम, एसटीएससी मूलनिवासी कोषाध्यक्ष, हृदय लाल मंडावी शिक्षक ,वीरेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष अदकुरी गांडा समाज युवा, मोहन नाग कोषाध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, भागवत चतुर्वेदी अध्यक्ष सतनामी समाज लांजोड़ा, अमन सागर ,सुरेंद्र बंजारे ,विशाल बंजारे अन्य सभी गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे , सबके गरिमा पूर्ण उपस्थिति में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब के चरणों में फूल माला चढ़ाया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री जसकेतु उसेंडी जी ने भारत की संविधान का उद्देशिका का पठन का संकल्प कराये सभी उपस्थित जनों ने उद्देशिका को दोहराया गया हम भारत के लोग। पूरा वातावरण संविधानमय में हो गया सबने भारत संविधान अमर रहे का नारा लगाए बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयकारा किया गया भारत देश की जय जय कारा लगा ठीक इसी तरह उद्देशिका पठन के पश्चात सभी अतिथि गण उद्बोधन किया सब ने कहा हमारा भारत का संविधान पवित्र है संविधान की बदौलत ही हम सभी धर्म समुदाय पंथ में समानता और भाईचारा है भारत का संविधान का हर कीमत पर सुरक्षा और सम्मान करना हमारा पूरे भारतवासी का कर्तव्य व जिम्मेदारी है राष्ट्र की एकता अखंडता संविधान के बदौलत सुनिश्चित है अतिथियों ने कहा हमारे देश के ग्रामीण गांव में रहने वाले लोगों तक संविधान का पुस्तक पहुंचना है जिससे हमारे भारत की कानून की जानकारी होना चाहिए मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी ने आगे कहा कि हमारे कोंडागांव नगर में सभी समाज के द्वारा संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं अपने उद्बोधन में श्री उसेंडी जी ने कहा संविधान है तब हम सब सुरक्षित हैं संविधान ने धर्मनिरपेक्ष एवं सभी वर्गों का सम्मान अधिकार दिए हैं।

# सुकमा के सोड़ी देवा प्लाटून कमांडर पद के लिए चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,27 नवंबर।** सुकमा जिले के सोड़ी देवा ने अपनी कठिन मेहनत और दृढ़ संकल्प से प्रशासनिक क्षेत्र में विशेष स्थान प्राप्त किया है। उनके जीवन में आए कई संघर्षों और कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने सुकमा के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। माओवाद प्रभावित क्षेत्र से आते हुए भी उन्होंने अपनी पढ़ाई और करियर को नई दिशा दी और हाल ही में एसआई भर्ती 2021 में चयनित होकर प्लाटून कमांडर का पद प्राप्त किया। माओवाद प्रभावित क्षेत्र से सोड़ी देवा सहित अन्य अभ्यर्थियों ने यह सिद्ध किया है कि यदि लगन और परिश्रम हो, तो कठिनाइयां किसी भी मंजिल को पाने से नहीं रोक सकतीं। सक्षम संस्था और जिला प्रशासन का सहयोग न केवल उनकी सफलता का आधार बना बल्कि अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी रहा।

**माओवाद प्रभावित क्षेत्र से शुरू की शिक्षा यात्रा :** सोड़ी देवा मूलतः सुकमा जिले के करीगुंडम गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि माओवाद गतिविधियों के चलते उनके परिवार को अपने मूल स्थान को छोड़कर कोंटा में बसना पड़ा। इसके बावजूद, अपनी शिक्षा जारी रखी और प्राथमिक शिक्षा बालक आश्रम दोरनापाल में प्राप्त की। माध्यमिक शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा से पूरी की और फिर छत्तीसगढ़ शासन की प्रयास संस्था के माध्यम से हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की। आगे चलकर, उन्होंने जेईई मैन्स और एडवांस परीक्षा पास की और आईआईआईटी नया रायपुर से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की।



**प्रशासनिक क्षेत्र में जाने का सपना :** सोड़ी देवा ने बताया कि उनका सपना प्रशासनिक क्षेत्र में जाकर समाज सेवा करने का था। इसी उद्देश्य से उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग संस्था में तैयारी शुरू की। इस संस्था में सीजी व्यापम और सीजीपीएससी की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय सुविधा और लाइब्रेरी प्रदान की जाती है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें उपलब्ध हैं।

**शारीरिक दक्षता का लाभ :** एसआई भर्ती परीक्षा में शारीरिक दक्षता का एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। सोड़ी देवा को पुलिस प्रशासन सुकमा द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उन्हें परीक्षा में मदद मिली। फुटबॉल खिलाड़ी होने के नाते उन्होंने इस परीक्षा में शारीरिक चुनौतियों को सहजता से पार किया। उन्होंने 2012 में वी-16 छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व भी किया था।

**सक्षम संस्था का योगदान :** देवा का कहना है कि जिला प्रशासन सहित सक्षम संस्था के शिक्षकों, श्री टीकेन्द्र चन्द्राकर, श्री योगेन्द्र सिन्हा, और श्री दिलीप मार्कण्डे और स्टॉफ का उनके सफर में बड़ा योगदान रहा। उन्होंने जिला प्रशासन सुकमा और सक्षम संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निश्शुल्क कोचिंग प्रदान कर रही है। देवा ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि सक्षम संस्था का संचालन लगातार जारी रहे ताकि अन्य युवा भी इस सुविधा का लाभ लेकर अपने सपनों को साकार कर सकें। सक्षम संस्था के कारण जिले के कई युवा प्रशासनिक क्षेत्र में चयनित होकर परिवार और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

# विकास कार्यों को सुचारु रूप से संचालित कर नियत समय में करें पूर्ण: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 27 नवंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने इस बैठक में विभागीय कार्यों, लंबित प्रकरणों और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश दिए। जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यों को समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर और जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार,सीईओ जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभागवार लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित



किया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र समाधान मिल सके। जिले के कन्या आश्रम-छात्रावासों में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण प्राथमिकता से प्रदान करें। बैठक में नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड और किसान सम्मान निधि सहित अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। योजना के तहत 32 ग्रामों में दी जाने वाली सुविधाओं के लिए विभागों को लक्ष्य निर्धारित कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने की प्राथमिकता पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्माण और मरम्मत कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों पर टोकन, बारदाना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अवैध धान खरीदी रोकथाम पर सख्ती बरतने कहा। उन्होंने चेक पोस्ट पर 24 घंटे सतत निगरानी रखे जाने सहित धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।माओवाद उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने मिशन मोड में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 53 आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 नवम्बर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में वार्ड क्रमांक 15 पी.व्ही. 116 पखांजूर निवासी श्रीमती करूणा बढ़ाई ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग, पी.व्ही. 74 के ऋषभ राय ने पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम तुमसनार के श्री कोमरा द्वारा फाईनेंस कंपनी से ट्रक की वापसी, अनिता विश्वकर्मा ने जीवन यापन के लिए कमान एलाट कराने, चून्नूलाल भेड़िया द्वारा वाहन दुर्घटना से मकान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, हरिचन्द्र ने आगजनी होने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की।

# प्लेसमेंट करचारियों की हड़ताल से नपं कुरूद की व्यवस्था चरमराई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से कुरूद नगर पंचायत में कामकाज पूरी तरह से ठप्प पड़ गया है। वहीं सफाई व्यवस्था बंद सी है तो वहीं लोगों को पेयजल के लिए किल्लत का सामना करना पड़ रहा हैं। नगरी निकाय कर्मचारियों के एक दिन हड़ताल में चले जाने से कुरूद नगर पंचायत के बस स्टैंड , संजय नगर, नया बाजार, आदि स्थानों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी वही कूड़ा करकट जगह-जगह पर भी देखने को मिला और कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। जिसकी वजह से नगरीय निकाय के सभी कामकाज पूरी तरह से बंद थे। कर्मचारियों के लौटने के बाद ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो पाएगी। नगरीय निकाय के कर्मचारियों की हड़ताल में चले जाने की वजह से बीते तीन दिनों तक पेयजल





सप्लाई पर इसका असर देखने को मिल रहा है। क्योंकि फिल्टर प्लांट से लेकर सभी कर्मचारी हड़ताल में चले गए हैं, ऐसे में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था आने के बाद भी जल्द दुरुस्त नहीं हो पाएगी। पानी की सप्लाई सुचारु करने नगर पंचायत की प्रमुख जिम्मेदारी है जो कुछ लोगों के भरोसे टिकी है जल्द ही करचारियो की व्यवस्था नहीं होने से पेय जल आपूर्ति संकट हो सकता हे। कुरूद नगर पंचायत में लगभग 20 नियमित कर्मचारी है प्लेसमेंट कर्मचारी 56 है अभी कमान्डो ही नलखोल रहे है 4 - 5 कमान्डो सफाई कर रहे है.ज़ नाली सफाई कार्य , स्ट्रीट लाईट, पानी सप्लाई , डोर टू डोर राजस्व वसूली, रोड़? सफाई सहितकालीन कार्य एवं निकाय के महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे है। ठेका कर्मीयो हड़ताल से व्यवस्थ्य चरमराने लगी है नगर पंचायत में वीराना छाया हुआ है। सरकार उनकी मोगो को पूरा करें । नगर पंचायत में बहुत असुविधा हो रही है। पूरा काम चरमरा गया है। 27 नवम्बर से मैं न प अध्यक्ष खुद कचरा गाड़ी चलाऊंगा और नल भी खोलने जाऊंगा। (2) भानु चंद्राकर नेताप्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद चुनाव के एन वक्त में चुनावी हथकंडा अपनाने के लिए कचरा गाड़ी चलाने की बात कर रहे हैं। इतने दिनों में कभी कचरा गाड़ी नहीं चलाया , नहीं नगर के नल खोलना गया। मैं प्लेसमेंट कर्मचारियों के मांग का समर्थन करता हूं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली

# ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 27 नवंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सक्रिय पहल कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ कपिल कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित बैठक के निर्देश :** कलेक्टर ध्रुव ने स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय और सुधार के लिए हर महीने के 10 और 15 तारीख को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।



**मरीजों से सहज एवं विनम्र व्यवहार सुनिश्चित करें:** कलेक्टर ध्रुव ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को मरीजों के साथ सहजतापूर्वक विनम्र और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को सकारात्मक अनुभव हो।

**रिक्त पदों को भरने के निर्देश:** कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मानव संसाधन की कमी को प्राथमिकता से दूर करने के साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

**ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच :** अंदरूनी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर ने रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को बेहतर ईलाज के लिए आवश्यक सुझाव देने को कहा।

**स्वास्थ्य कर्मियों के ट्रेनिंग देने पर जोर :** कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों को समय-समय पर आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया जाए।

**संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता:** जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने और प्रेरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डिलीवरी के समय स्किल बर्थ अटेंडेंट की सहायता लेकर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

**मलेरिया रोकथाम के लिए दिए निर्देश :** कलेक्टर ने मलेरिया नियंत्रण के लिए आश्रम-छात्रावासों में विशेष ध्यान देने की बात कही।

## समाचार संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज भवन सोड़ीपारा में मनाया गया संविधान दिवस



**सुकमा 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले के आदिवासी समाज के पदाधिकारी उमेश उण्डाम, हुंगा वेको, दीपक बारसे, लखमा कवासी, विष्णु कवासी, संतोष उसेंडी, लच्छू नाग, रमेश नाग, हान्दा कवासी, बोटी राम, वेट्टी देवा सहित प्रतीनिधि उपस्थित रहे। संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़कर सविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। इस अवसर पर संविधान की मूल अधिकारो पर विशेष चर्चा किया गया।

### मै भारत का सविधान, तुम्हें राह दिखाता हूँ



**सुकमा 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । पुरे देश में स्कूल, कॉलेज और संस्थान संविधानकी प्रस्तावना पढ़ने और सवैधानिक सिद्धांतो पर चर्चा आयोजित करने जैसी गतिविधियों के साथ इस दिन को मनाते हैं। 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा में लगभग 03 वर्षों केविचार-विमर्श बाद भारतीय संविधान के अंतिम प्रारूप को अपनाया गया। उक्त बातें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गितेश कुमार कौशिक ने आयोजित कार्यक्रम में कही माननीय प्रधान न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा विजय कुमार होता केमार्गदर्शन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तालुका विधिक सेवा समिति सुकमाके अध्यक्ष गितेशकुमार कौशिक, जेल अधीक्षक राजेश बिसेन एवं कैलाश जैन प्रतिथधारक अधिवक्ता की उपस्थिति में दिनांक 26.11.2024 को जिला जेल सुकमा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में न्यायाधीश के द्वारा सभी बंदियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई गयी। इस कार्यकरम में जेल अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा काफी संख्या में विचाराधीन बंदी उपस्थित रहे 26 को रखी गई थी भारत के लोकतांत्रिक शासन की नींव शिविर उत्सव में न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक ने जेल में परिरुद्ध बंदियों को बताया कि भारत का संविधान दिवस 26 नवम्बर 1949 की याद में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस स्मारकीय दस्तावेज ने भारत के लोकतांत्रिक शासन की नींव रखी और अपने सभी नागरिकों के लिए न्याय,स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है। अंबेडकर की 125 वीं जंयती के अवसर पर सवैधानिक मूत्यों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने भारत सरकार द्वारा 2015 में संविधान दिवस को औपचारिक रूप में मान्यता दी गयी। इस दिन पुरे देश में स्कूल, कॉलेज और संस्थान संविधानकी प्रस्तावना पढ़ने और सवैधानिक सिद्धांतो पर चर्चवा आयोजित करने जैसी गतिविधियों के साथ इस दिन को मनाते हैं। भारत की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा में लगभग 03 वर्षों के विचार-विर्मश बाद भारतीय संविधान के अंतिम प्रारूप को अपनाया। यह ऐतिहासिक दस्तावेज अधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान दिवस एक ऐसे शासन ढ़ांचे को बनाने के प्रयासो की परिणति का प्रतिक है, जो एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। यह दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधानों में से एक है, जिसमें न्याय,स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर जोर दिया गया है। भारतीय संविधान के मूल भावना के विषय मे न्यायाधीश कौशिक ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवित दस्तावेज के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इसमें बदलती सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरुप ढलने की क्षमता है। इसके मूल में मौलिक अधिकार है, जो बुनियादी स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं और नागरिकों को राज्य की ज्यादातियों सुरक्षा प्रदान करते हैं।

### अण्डर-19 के क्रिकेट खिलाड़ियों ने रायपुर पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नारायणपुर 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 तीन दिवसी इंटर डिस्ट्रिक टेस्ट मैच सलेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के नाम विख्यात ज़िला नारायणपुर को आज उनकी अंडर-19 क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट



प्रदर्शन के लिए काफ़ी सराहना मिल रही है ग्रूप स्टेज के पुल बी में पहला मैच 24 नवम्बर को नारायणपुर का मुक़ाबला रायपुर से साथ दल्ली राजहरा स्थित बी?एस?पी? के क्रिकेट स्टेडियम में हुआ जिसमे नारायणपुर की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला लिया नारायणपुर के गेंदबाज़ों ने इस फ़ैसले को सही साबित करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे मज़बूत टीम मानी जाने तथा टूर्नामेंट से पूर्व टूर्नामेंट की विजेता मानी जाने वाली टीम रायपुर ब्लू को पहली पारी में 30 ओवर में ही मात्र 92 रनों पर ऑल आउट कर दिया अच्छी गेंदबाज़ी में मिली सफलता आत्मविश्वास का असर बल्लेबाज़ में भी दिखाई दिया पहली पारी मे यस कुमार वर्धा के शानदार सतक से टीम का कुल स्कोर 75.4 ओवर में 252 जा पहुँचा नारायणपुर को पहली पारी में कुल 160 रन की बढ़त मिल चुकी थी इसी बढ़त के ख़त्म कर टारगेट देने के उम्मीद से रायपुर की टीम बल्लेबाज़ी करने उतरी जिसमे जिसमे पूरी टीम कुल 80 ओवर में 287 रन बनाई और नारायणपुर को 128 रन का टारगेट मिला जिसे 5 विकेट खो कर जीत हासिल की जिसके साथ क्रिकेट इतिहास में पहली बार संसाधनों व क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से काफ़ी छोटा माने जाना वाला ज़िला सबसे मज़बूत टीम के ऊपर एक अकल्पनीय जीत दर्ज की है ।

# भारतीय संविधान भारत की आत्मा है:भाजपा

**महासमुन्द , 27 नवंबर।** 26 नवम्बर को जिला भाजपा महासमुन्द द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया ,पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ,कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ,महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, कार्यक्रम के मुख्यवक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता,विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी अधिवक्ता प्रलय थीटे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । जिला भाजपा द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के पूर्व मंचस्थ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तरसिह नायक,जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, नरेश अग्रवाल,शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली द्वारा भारत माता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । संविधान दिवस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा सदैव संविधान का सम्मान करती रही है, वही पर सविधान से खिलवाड़ और उनकी प्रतियों का अपमान विपक्षी कांग्रेस पार्टी करती रही है । भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश मे नागरिको को एकता और समानता का अधिकार हो यही संविधान का मूल उद्देश्य है । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने अपने उदबोधन में कहा कि भारतीय संविधान भारत आत्मा है और इसमें हम सबकी जान बसती है 7 भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के बनाये संविधान से देश के नागरिको को संविधान और उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी से अवगत कराना इस दिवस का मुख्य मकसद है 7 भाजपा ने सदैव संवैधानिक




प्रक्रियाओं के तहत ही अपनी राजनैतिक दायित्वों को निभाया है पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बाबा साहब अंबेडकर जी के राजनैतिक विचारधारा का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जी जब मुंबई से चुनाव लड़े तब कांग्रेस पार्टी ने उनके खिलाफ प्रचार कर अपना प्रत्यासी भी उतारा था पूर्व सांसद ने कहा कि सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का काम कांग्रेस और विरोधी दल करते रहे है । संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश के पहले कानून मंत्री का दायित्व निभाया । पहली बार प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाए जाने का ऐतहासिक और सराहनीय निर्णय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी की सरकार में लिया गया । कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रलय थिटे ने भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी और राष्ट्रहित में उनके दिए गए योगदान को नमन करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विगत 2015 से प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई है जो अंबेडकर जी के प्रति सम्मान को दर्शाता है । प्रलय थिटे ने भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेद का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि बाबा साहब जी का जन्म उन दिनों में सामाजिक छुआछूत के रिवाजों के दौर में हुआ था । सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव का दंश झेलकर भी डॉ आंबेडकर जी का हौसला कम नही हुआ । स्कूली शिक्षा में अग्रणी रहे अंबेडकर जी अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे । अंबेडकर जी को अपने जीवनकाल मे सवर्ण वर्ग का भी काफी विरोध का सामना करना पड़ा था । देशहित मे बाबा साहब अंबेडकर जी के बनाये हुए संविधान और उनके दिए गए योगदान को भाजपा आत्मसात करते हुए नमन करती है । महात्मा ज्योतिबा फुले और अंबेडकर जी ने स्वतंत्र भारत मे महिलाओ की समानता के अधिकारो का सदैव पक्ष लिया था । जाति धर्म के आधार पर देश का बंटवारा न हो ये अंबेडकर जी की स्पष्ट सोच थी पर राजनैतिक लाभ के लिए कांग्रेसियों ने देश को बांट दिया । प्रलय थिटे ने बाबा साहब के जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों के बीच बीते जीवन काल की कई घटनाओं का वर्णन करते बताया कि प्रदेश की सीमाओ की बंटवारे में देश के नदियों ,पर्वतों और प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा का अहम कार्य उनके प्रयासों से सम्भव हुआ था । प्रलय थिटे ने अंबेडकर जी के बेबाक बयान और दबंग कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि अपनी वाकपटुता और स्पष्टवादिता के लिए मशहूर ऐसे भारत के अनमोल रत्न भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा लिखित संविधान के अनुरूप हम सबकी जीवनशैली हो ,हम सभी देश और जनहित में संविधान के अनुरूप कार्य करने संकल्पित रहे तभी संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य सफल होगा । इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर और आभार मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया । संविधान दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा ,और मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी ,मण्डलो के अध्यक्ष ,महामंत्री ,जनप्रतिनिधिगणसहित भाजपा के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## एक नजर

### संविधान दिवस पर विधायक सिन्हा ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**महासमुंद।** मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहर के अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि आज जो हम संविधान के तहत अधिकार प्राप्त कर रहे हैं वह बाबासाहेब की ही देन है। उन्होंने 26 नवंबर के संबंध कहा कि इस दिन का महत्व इसलिए है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। संविधान दिवस संविधान में लिखे मूल्यों जैसे न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाता है। यह नागरिकों में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे देश के संविधान में सबसे बड़ा योगदान बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का है। इसलिए बाबासाहेब को संविधान निर्माता कहते हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एम आर विश्वनाथन सहित वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, झनक लाल साहू, सुधा साहू, मनीष शर्मा, सुजाता विश्वनाथन, अजय चोपड़ा, मीना वर्मा, अरविंद प्रहरे, भाऊराम साहू, हनीश बग्गा, राजू चंद्राकर, गोपाल वर्मा, नंदू जलक्षत्री, दिनेश रुपरेला, अमित साहू, डिगेश साहू, गुड्डा सिन्हा ,अभिषेक पांडे, नईम खान सहित अन्य नेतागण उपस्थित थें।

### हेल्पलाइन नम्बर या महिला एवं बाल विकास विभाग को दे बाल विवाह की सूचना

**बीजापुर 27 नवंबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियमित रूप से बच्चों एवं महिलाओं को संरक्षण को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान सभी बच्चों को जानकारी दी जा रही है कि सभी बच्चो को स्कूल की पढ़ाई पूरी करने और हिंसा से सुरक्षित रहने का अधिकार है, कम उम्र में और जबरन शादी के कारण अभी भी बहुत से लडके/लडकियां इन अधिकारों से वंचित रह जाते है। अभी शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में बाल विवाह जैसी शिकायते भी विभाग को मिलती है इसके लिए विभाग के लिए गाईड लाईन एवं टोल फ्री नम्बर जारी किये जाते है। जिससे की बाल विवाह को रोका जा सके। कही भी बाल विवाह संबंधी जानकारी कही भी मिले तो चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, और महिला हेल्पलाईन 181 पर कॉल करे इसके अलावा नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र की कार्यकर्ता, सरपंच, पार्षद, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी, स्थानीय नेताओं को भी सूचना दे सकते है बाल विवाह एक अपराध है बाल विवाह की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। अगर अपने आसपास बाल विवाह होने की सूचना मिले तो इन सब माध्यमों से और बच्चों के लिए काम करने वाली किसी नजदीकी संस्था या बीजादूतीर स्वयं सेवक के माध्यम से जानकारी दे सकते है।

### संविधान दिवस पर पीडी कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रायगढ़, 27 नवम्बर।** संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ के विधिक शिक्षा केन्द्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ श्री जितेन्द्र कुमार जैन ने शिविर में संविधान के विषय में बताया कि संविधान की प्रस्तावना पूरे संविधान का सार है। आगे उनके द्वारा अन्य विषयों में जैसे टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम, भारतीय नागरिक संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जैसे नये कानून के बारे में बताया गया। न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य के द्वारा संविधान के उद्देशिका पर महत्वपूर्ण रूप से प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उदेशिका में संप्रभुत्ता सामाजवाद धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र शामिल है तथा संविधान का मुख्य उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, सामानता और बंधुत्व की प्राप्ति करना है। श्रीमती अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक कविता के माध्यम से बताया कि संविधान धर्म, जाति, भाषा, पर भेद भाव नही करता है। यह लोकतंत्र का श्रृंगार है और यही भारत का आधार है। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सलाह के विषय में भी बताया गया अन्त में संविधान दिवस के अवसर पर किये गये प्रतियोगिता में हुए विजेता विद्यार्थियों को श्री जितेन्द्र कुमार जैन, श्री संतोष कुमार आदित्य एवं श्रीमती अंकिता मुदलियार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ज्योति सोनी तथा विभागाध्यक्ष प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश ने बच्चों से की चर्चा



**रायगढ़, 27 नवम्बर।** अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ के मार्गदर्शन में आज संपूर्ण जिले में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठजन के आश्रय गृह तथा गुरूद्रोणाचार्य स्कूल में श्री प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश उपस्थित रहें। जहां उन्होंने बच्चों के साथ टिफिन किए और संविधान पर चर्चा की। उन्होंने वरिष्ठजनों को सालसा की करूण योजना पर विस्तार से परिचर्चा संपादित हुई।

# पीएलजीए बटालियन के कोर क्षेत्र जिड़पल्ली में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 नवंबर।** जिला बीजापुर में एक नए सुरक्षा कैम्प जिडपल्ली की स्थापना की गई है, जो कि माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के कोर क्षेत्र में आता है । यह कैम्प छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत स्थापित किया गया है ।इस नए कैम्प की स्थापना से माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही में मदद मिलेगी और क्षेत्र में निवासरत आम लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा । कैम्प स्थापना के साथ ही केरिपु मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई और निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। नवीन कैम्प ÷जिडपल्ली÷ की स्थापना से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।



जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु छत्तीसगढ़ रायपुर, श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री सूरजपाल वर्मा, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर, श्री लतीफ कुमार साहू, 228 वाहिनी केरिपु, श्री संतोष कुमार, कमांडेंट 204 कोबरा वाहिनी, श्री शशिभूषण कमांडेंट 208 कोबरा वाहिनी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन से संचालित ''नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित कहे जाने वाले कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैम्प ''जिडपल्ली÷ दिनांक 23.11.2024 को स्थापित किया गया। यह कैम्प माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित क्षेत्र में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों को विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है ।क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार और पुलों का निर्माण किया जाएगा ताकि लोगों को आसानी से आवागमन की सुविधा मिल सके । क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों को इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके । क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। क्षेत्र में पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी ताकि लोगों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा मिल सके । क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके । क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को मोबाइल सेवाओं का लाभ मिल सके । नए कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में आम-जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है ।

## सर्व समाज ने बाबासाहेब के स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया



**बीजापुर, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय के नये बस स्टेंड मे संविधान दिवस के मौके पर बाबासाहेब के स्टेच्यू पर सर्वे समाज के सभी लोगों ने सर्वप्रथम. बाबासाहेब के स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना पढा गया तथा बाबासाहेब के योगदान को याद किया गया इस बीच जय भीम जय मुण्डा के नारे लगाये गए संविधान दिवस के इस मौके पर मुख्य रूप से कमलेश पैकरा सेंडाश्रवण बुधराम कोरसा सतीश मंडावी दशरथ कश्यप इम्तियाज खान कल्याण कुर्रे कैलाश राम टेके अजय दुर्गम रैमन दास झाडी विजय निर्मल नागेश प्रकाश शयाम आदि सर्वे समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:कलेक्टर



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में अब तक हुए धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीदी से संबंधित शासन से लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, ऐसे निर्देशों का अनुपालन करना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर किसानों से भी बारदाना खरीदना है। बारदाना का भुगतान एक सप्ताह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो किसान निर्धारित मात्रा में धान बेच चुके हैं, उन किसानों का रकबा समर्पण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी शासन के निर्देशानुसार ही धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रखें। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए विशेष पिछ्ड़ी जनजातियों की जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी लक्षित हितग्राहियों के लिए समय-समय पर शिविर लगाकर और मौके पर जाकर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने सड़कों पर आवारा पशुओं पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन, समय-सीमा पत्रक, मुख्यमंत्री जनदर्शन आदि का समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत या अन्य हितग्राही आधारित योजनाओं में किसी भी तरह पैसे के लेनदेन पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर लंगेह ने स्कूलों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने के के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर और सरलीकरण के माध्यम से जाति प्रमाण बनवाएं। जाति प्रमाण के अभाव में किसी भी बच्चे और पालक परेशान न हो। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी के बच्चों का भी जाति प्रमाण पत्र बनाना प्रारम्भ करें। इसके लिए आवश्यक डाटा एकत्र कर कार्रवाई प्रारम्भ करें। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत सचिवों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की नियमित रिपोर्टिंग देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को ग्राम स्तर पर अत्यंत जर्जर हॉस्टल, छात्रावास सहित अन्य भवनों को ग्राम स्तरीय मूल्यांकन समिति से सत्यापन कराकर डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया करें। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे (आईएएस), जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त जिला अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय करें:कलेक्टर

**बीजापुर 27 नवंबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रेडियम, सीट ब्लेट, हेलमेट, अंधाधूंन मोड़, ब्लैक स्पोर्ट को चिन्हांकित करने, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन करने, जनजागरुकता सहित सभी उपाय करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। लोक निर्माण विभाग, राजस्व, यातायात, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने आवश्यक पहले करने को कहा। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जागरूकता के लिए यातायात नियमों को पालन करवाने के निर्देश दिए साथ ही बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, और ड्रायविंग लायसेंस नहीं होने पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सभी आला अधिकारियों को सूचित किया गया

## बीजापुर में कांग्रेसियों ने मनाया संविधान दिवस



**बीजापुर, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव राव अंबेडकर की छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर भारत की संविधान की प्उद्देशिका का पाठ कर संविधान दिवस मनाया है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधि ताती, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, वरिष्ठ पार्षद प्रवीण डोंगरें, वरिष्ठ पार्षद कलाम ख़ान, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, प्रवक्ता ज्योति कुमार, इदरीश ख़ान, बलराम कोरसा, लक्ष्मण कुरसम, महेश हेमला और राम कुमार दुर्गम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन



**बीजापुर 27 नवंबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक, 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढाने हेतु गतिविधियॉ जिले में आयोजित किया जा रहा है इसके तहत महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, सोशल मडिया पर पोस्ट /इंफ्रोग्राफिक्स के माध्यम से श्चश्चह्यश्च, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाएं एवं सेवाओं वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन के प्रति जागरूकता, महिला उत्पीडन, इलेक्ट्रीक शिकायत पोर्टल ह्यद्धद्ग ड्ढश्र× के बारे में जागरूकता बढ़ाना, आपातकीन सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड हेल्पलाइन 1090 के बारे में जागरूकता के साथ-साथ बाल सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्राहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान पर सघन अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान लोगों को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है। 16 दिवस का अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार-प्रसार श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, सुश्री आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, सुश्री पुष्पा बंजारे एवं श्री संदीप चिडेम, श्री राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, श्री राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा जानकारी दी गई है।

### हल्बा समाज के प्रतिनिधियों ने डीईओ धनेलिया का स्वागत किया



**बीजापुर, 27 नवंबर** अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ, जिला शाखा द्वारा बीजापुर जिले के नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) एल.एल. धनेलिया का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।जिला शिक्षा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष बृजलाल पुजारी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की और साथ ही, जिले में शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।जिला शिक्षा अधिकारी एल.एल. धनेलिया ने समाज के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे सभी के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे।



### युवाओं को खेल के मैदान में आगे बढ़ाने की पहल

**बीजापुर, 27 नवंबर ।** आज नगर पालिका के पार्षद श्री जितेंद्र हेमला जी ने बीजापुर के संजयपारा में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संजयपारा,जनपद प्रा.शा. संजयपारा, प्रा.शा. बाण्डागुडा, प्रा. शा. कन्हईगुडा विद्यालय पहुंचा छात्रा-छत्राओं से भेंट कर उन्हें फुटबॉल,वॉलीवॉल क्रिकेट किट, रस्सी कूद, गोला, तावा, बैडमिंटन किट और लूडो आदि खेल सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया, इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों सहित प्रधानाध्यापिका/प्रधानाध्यापक क्रमशः श्रीमती चंद्रकांता झाड़ी,श्री नरेंद्र चंद्राकर, श्रीमती जगरानी किस्पोट्टा, श्री मनोज कोंड्रा, वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती रजिया सुल्ताना, श्रीमती शबाना खान, सुश्री सुनीता गोनेट, श्रीमती गरिमा रामटेके, श्रीमती हेमलता बोरला, श्री अजित कुमार, श्री इंद्रपाल बैगा मौजूद रहे।

## अमृत सरोवरों में हुआ संविधान की उद्देशिका का पठन



**बीजापुर, 27 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संविधान दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने के साथ नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी मिलने, भारत के संविधान के निर्माण और उसके निर्माण और महत्व को भी याद किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी जनपदों के ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवर स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर संविधान दिवस मनाने के निर्देश दिए उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस अमृत सरोवर स्थलों पर एक विशेष समारोह का आयोजन करने प्रस्तावित किया है, अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन से संविधान के आदर्शो के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। संविधान हमारे देश की आत्मा है, और हमें इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए, उक्त पंक्ति को आत्मसात करते हुए अमृत सरोवर स्थलों में ग्राम पंचायतों के सदस्यों,स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## अपूर्ण कार्यो को जल्द पूर्ण करने दिए कड़े निर्देश

**बीजापुर 27 नवंबर।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने ली समीक्षा बैठक। इस दौरान निर्माणधीन आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पीडीएस गोदाम और स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों को गति देने जनपद सीईओ से लेकर प्रत्येक मैदानी अमले को प्रतिदिन फील्ड विजिट कर प्रगति से अवगत कराने को कहा। कलेक्टर ने राशन कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र सहित चार प्रकार के कार्ड जन्म के 10 दिवस के भीतर प्रदान किया जाएगाप्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को वित्तीय वर्ष 16-17 से 22-23 तक के सभी अपूर्ण आवासों को माह दिसम्बर तक पूर्ण किये।

# 12 जनवरी से राजधानी में राज्य युवा महोत्सव

**रायपुर, 27 नवम्बर ।** प्रदेश में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। आज मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ की अध्यक्षता में राज्य युवा महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सहभागिता और भाईचारा में बढ़ोत्तरी और राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक होगा। खेल संचालनालय परिसर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में तीन दिनों तक चलने वाले युवा महोत्सव में 13 प्रकार की विधाओं से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

युवा महोत्सव में सांस्कृतिक विधा में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, लाईफस्किल विधा में कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, युवा कृति विधा में विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, अन्य विधा में रॉकबैंड आदि शामिल है। राज्य युवा महोत्सव में प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। जिला और ब्लॉक स्तर पर हुए युवा उत्सव के आयोजन के पश्चात विजेताओं को राज्य युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। राज्य युवा महोत्सव के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही युवा महोत्सव के सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्य स्तरीय युवा उत्सव की प्रतियोगितायें प्रातः 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय सुवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए राज्य शासन के विभिन्न विभागों को अपेक्षित कार्यदायित्व दिया गया है। इससे विद्युत व्यवस्था सीएसपीडीसीएल, मुख्य कार्यक्रम स्थल में विभागीय अधोसंरचनाओं का साज-सज्जा एवं मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा। सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग, स्वास्थ्य व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग, उन्नत कृषि हेतु आधुनिक उपकरणों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी कृषि विभाग द्वारा लगायी जाएगी। शिल्प ग्राम प्रदर्शनी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा तथा युवाओं के संचालित योजनाओं का स्टॉल उद्योग विभाग द्वारा लगाया जाएगा। इसी प्रकार से साहसिक खेल गतिविधियों की प्रदर्शनी पर्यटन विभाग द्वारा लगाया जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिला स्तरीय एवं विकास खंड स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के संबंध में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों, संचालक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा दिशा निर्देश जारी कर दिए है। विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव 30 नवंबर 2024 तक होगा। तथा जिला स्तरीय युवा महोत्सव 1 से 15 दिसम्बर के बीच में आयोजित होगा। बैठक में सचिव लोक निर्माण डॉ. कमलप्रीत सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, शिक्षा, कृषि, पर्यटन, संस्कृति, उद्योग, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### किताब 'गुलाबी खंजर' का कवर पेज लांच

**रायपुर 27 नवंबर।** ऐतिहासिक क्राइम फिक्शन गुलाबी खंजर (द पिंक डैगर) की कवर लॉन्चिंग एक शानदार इवेंट में हुई। इस किताब को तीन लेखकों - दिलीप पांडे, रोहित सकुनिया और चंचल शर्मा - ने लिखा है। कहानी में वीरता, जटिल रिश्ते और नैतिक दुविधाएं दिखाई गई हैं। इस इवेंट का संचालन आजतक के क्राइम एडिटर शम्स ताहिर खान ने किया। इसमें मनोज राजन त्रिपाठी, सत्य व्यास और गौतम राजऋषि जैसे प्रसिद्ध लेखक भी शामिल हुए। सभी ने लेखकों की कहानी और उनकी गहरी सोच की तारीफ की।

### ठंड में इम्युनिटी बढ़ाना जरूरी

**रायपुर 27 नवंबर।** सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है।बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस पहल के तहत, प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र आयोजित किया।

### किसान उन्नत किस्म के बीज का इस्तेमाल करें

**रायपुर 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 और श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीज उल्लेखनीय परिवर्तन लाए हैं। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 और श्रीराम सुपर 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभरी नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों से मिलने वाले परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की अधिक संख्या, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं।

### केटीयु में फोटोग्राफी प्रदर्शनी 29 तक

**रायपुर, 27 नवम्बर ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविधालय में फोटोग्राफी कौशल पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 27 से 29 नवंबर तक जनसंचार विभाग में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला अलग-अलग सत्रों में आयोजित होंगी जिसमें कैमरा और फोटोग्राफी जगत के दिग्गज मौजुद होंगे। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन वरिष्ठ फोटो पत्रकार देवेन्द्र शुक्ला दुसरे दिन व्यावसायिक फोटोग्राफर एवं सिनेमेटोग्राफर हर्ष गुप्ता एवं तीसरे दिन छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मनोज वर्मा विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर संभावनाएं और फोटोग्राफी के बारीकियों को बतायेंगे।

### छत्तीसगढ़ के अजय मंडल को दिल्ली कैपिटल्स ने 30 लाख में खरीदा

**रायपुर, 27 नवम्बर ।** छत्तीसगढ़ के ऑलराउंडर बल्लेबाज अजय मंडल को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 30 लाख के बेस प्राइज में खरीदा है। इससे पहले अजय दो वर्षों तक चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे थे, जहां उन्हें 20 लाख के बेस प्राइज में खरीदा गया था। इस बार उन्हें दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा है। प्रदेश के शशांक सिंह को पंजाब किंग्स ने रिटेन किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। अजय मंडल ने तीनों फॉर्मेट में अपनी शानदार प्रदर्शन क्षमता साबित की है। 2023-24 रणजी ट्रॉफी में अजय ने पांच मैचों की नौ पारियों में 11 विकेट चटकाए और बल्लेबाजी में सात पारियों में 145 रन बनाए। वहीं, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सात मैचों में उन्होंने नौ विकेट लिए और सात पारियों में 109 रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी के सात मैचों में आठ विकेट और 120 रन बनाए। इसके अलावा, सीसीपीएल के छह मैचों में अजय ने चार विकेट लिए और छह पारियों में 99 रन बनाए।

### ट्रैक्टर पलटने से 2 लोगों की मौत

**रायपुर 27 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो लोगों को गंभीर चोट आई है। आनन फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, घटना पटेवा थाना क्षेत्र का है। जहां हा-53 पर रायतुम के पास एक ट्रैक्टर पलट गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में 6 लोग सवार थे। जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# छत्तीसगढ़ में शुरू हुआ ठंड का प्रकोप

**रायपुर, 27 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ तापमान गिरने का दौर शुरू है। रायपुर का पारा गिर कर 14.4 डिग्री और शहर के आउटर में पारा 13 डिग्री पर पहुंच गया है। आंकड़े के मुताबिक रायपुर में बीते 12 साल का रिकार्ड टूट गया है।वर्ष 2011 में नवंबर में 12.4 डिग्री दर्ज किया गया था। बीते तीन दिनों में पांच दिनों में पांच से छह डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी पांच दिनों में उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। आगामी तीन दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक से तीन डिग्री तक की वृदि होने की संभावना है। बतादें कि अभी प्रदेश का औसत तापमान 8 से 15 डिग्री सेल्सियस तक है। अंबिकापुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 9.7 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां न्यूनतम तापमान समान्य से 3.6 डिग्री तक कम हो गया है। पेंड्रा, कोरिया और नारायणपुर में अधिकतम तापमान 25.9 और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा दुर्ग का पारा समान्य से पांच डिग्री तक गिर गया है। इसके अलावा रायपुर माना में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री तक कम हो गया है।

राजधानी में भी तापमान में गिरावट दर्ज किए जा रहे हैं। नवंबर माह में बीते साल से अधिक तापमान गिर चुका है। आने वाले पांच दिनों में तापमान में गिरावट नहीं होगी। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को दिन का 30 डिग्री और रात का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच सकता है। दुर्ग जिले में तेजी से पारा गिर रहा है। पहली बार ऐसा देखा गया गया है कि नवंबर माह में न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम हो गया है।



रायपुर। अनुपम उद्यान के पास नेकी की दीवार का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई पर एसएसपी का जोर

**रायपुर 27 नवंबर।** एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां, बदमाशों व अड्डेबाजी पर कार्यवाही, विजिबल पुलिसिंग और नशे के खिलाफ कार्यवाहियों पर जोर दिया जा रहा है। जिला रायपुर में माह फरवरी से अब तक आईपीसी/बीएनएस के तहत 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले साल इसी अवधि में 8224 अपराध दर्ज हुए थे। इस तुलनात्मक अवधि में अपराधों में 3 प्रतिशत की आंशिक कमी हुई है। पिछले साल चाकूबाजी की 171 की जगह 102 घटनाएं और हत्या के 54 की बजाय 58 घटनाएं हुई हैं। चाकूबाजी में 40 फीसदी की कमी, हत्या में 7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। छेड़छाड़/यौन हिंसा में 28 फीसदी, बलात्कार में 8 फीसदी, चोरी में 9 और मारपीट में 3 प्रतिशत की कमी है। इस वर्ष माह फरवरी से चलाए जा रहे नशे के खिलाफ निजात अभियान के कारण एनडीपीएस व आबकारी के दर्ज प्रकरणों में तेजी के कारण कुल पंजीबद्ध अपराध में बढ़ोतरी परिलक्षित हो रही हैं।

आईजीपी रायपुर अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां, बदमाशों व अड्डेबाजी पर कार्यवाही, विजिबल पुलिसिंग और नशे के खिलाफ कार्यवाहियों पर जोर दिया जा रहा है।

जिला रायपुर में माह फरवरी से अब तक आईपीसी/बीएनएस के तहत 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले साल इसी अवधि में 8224 अपराध दर्ज हुए थे। इस तुलनात्मक अवधि में अपराधों में 3 प्रतिशत की आंशिक कमी हुई है।

पिछले साल चाकूबाजी की 171 की जगह 102 घटनाएं और हत्या के 54 की बजाय 58 घटनाएं हुई हैं। चाकूबाजी में 40 फीसदी की कमी, हत्या में 7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। छेड़छाड़/यौन हिंसा में 28 फीसदी, बलात्कार में 8 फीसदी, चोरी में 9 और मारपीट में 3 प्रतिशत की कमी है। इस वर्ष माह फरवरी से चलाए जा रहे नशे के खिलाफ निजात अभियान के कारण एनडीपीएस व आबकारी के दर्ज प्रकरणों में तेजी के कारण कुल पंजीबद्ध अपराध में बढ़ोतरी परिलक्षित हो रही हैं।

### यूको बैंक अधिकारियों का अधिवेशन आयोजित

**रायपुर 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ ऑफिसर्स एशोसिएशन ऑफ यूको बैंक रायपुर का प्रथम त्रिवर्षिय अधिवेशन सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामरेड वाय गोपाल कृष्ण, राज्य सचिव, आइबोक छत्तीसगढ़ राज्य थे। उपरोक्त अधिवेशन मे यूको बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य स्थित विभिन्न शाखाओ के अधिकारी उपस्थित थे । अधिवेशन मे अधिकारियों से सबंधित विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई। इस अधिवेशन मे एसोसियशन के 2024 से 2027 के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमे श्री पी.एल. साहू को अध्यक्ष , श्री अनुपम गोयल को महासचिव एवं श्री आशीष कौशिक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।



# बदमाश रवि साहू को गिरफ्तार कर पुलिस ने निकाला जुलूस

**रायपुर, 27 नवम्बर।** रायपुर के कुख्यात गांजा तस्कर तथा रायपुर के अलग-अलग थानों में करीब 50 से ज्यादा आपराधिक मामले नामजद आरोपी रवि साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी से पहले क्षेत्र में उसके दशहत को कम करने पुलिस ने उसे मोहल्ले में पैदल घुमाया और फि र थाने लेकर विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस के द्वारा इसका विडियो सोशल मीडिया में भी पोस्ट किया गया है। बता दें कि राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के चलते चाकूबाजी, हत्या और मारपीट जैसे अपराधों के रोकथाम और क्षेत्र के अपराधियों की धरपकड़ के लिए शासन स्तर पर पुलिस को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कुख्यात गांजा तथा शराब तस्कर अपराधी रवि साहू पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया है की कानून-व्यवस्था कायम करने और आम लोगों की सुरक्षा के लिए उनका यह अभियान सतत जारी रहेगा। यह भी बता दें कि आरोपी रवि साहू पर गांजा तथा शराब तस्करी के अलावा शहर के अलग-अलग थानों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज है। गौरतलब है कि, बढ़ते क्राइम के बीच रायपुर पुलिस द्वारा अपराध के आंकड़े जारी किए गए हैं। आंकड़ों में बताया गया है कि, इस साल चाकूबाजी 40 प्रतिशत तक कम हुए हैं। महिला संबंधित अपराध छेड़खानी और दुष्कर्म की घटनाएं भी कम हुई है। हत्या के मामले बढ़े हैं, इसमें 7 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह के अनुसार नशे के खिलाफनिजात अभियान से महिलाओं से जुड़े क्राइम में कंट्रोल हुआ है। राजधानी में गुंडे-बदमाशों पर सख्ती और सूखे नशे पर कार्रवाई की वजह से चाकूबाजी की घटनाओं में कमी आई है। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह के अनुसार इस साल के आखिर तक हत्या के मामले में भी गिरावट आएगी।

# धान खरीदी में छत्तीसगढ़ बना अग्रणी

**रायपुर 27 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफवर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी युद्ध स्तर पर की जा रही है। जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, जिससे किसानों में उत्साह और विश्वास का माहौल बना हुआ है। ग्राम बोरई के कृषक सुतीक्षण यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और शासन की नई योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की पहल से किसानों का आर्थिक आधार मजबूत हो रहा है। पहले जहां एक क्विंटल धान के 2500 रूपए मिला करते थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु के सुशासन में 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। वे बताते हैं प्रति एकड़ 15 क्वि. धान लिया जाता था। प्रति एकड़ उत्पादन अधिक होने की वजह से बाकी धान फुटकर बाजार या कोचियों के पास बेचने के लिए मजबूर थे। 21 क्वि. प्रति एकड़ की खरीदी से हमारी यह समस्या दूर हो गयी है। साथ ही कई उपयोगी तकनीकों के कारण धान खरीदी में पारदर्शिता भी आई है। जैसे इलेक्ट्रॉनिक मापयंत्र से तौल में गड़बड़ी की संभावना कॉफी कम हुई है। धान उपार्जन केंद्रों में नई तकनीक और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसान अब ऑनलाइन टोकन तुंहर हाथ ऐप के माध्यम से धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त कर रहे हैं।

# फ्लाई ऐश प्रदूषण निवारण के लिए सर्वोत्तम : लोकेश शर्मा

**रायपुर, 27 नवम्बर।** फ्लाई ऐश भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों में प्रदूषण निवारण का सर्वोत्तम उपाय है, जहां लाल ईट से बने मकानों एवं अन्य निर्माण में प्रदूषण फैलता है, उसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में एक जनवरी 2024 को केन्द्र सरकार को प्रतिबंधित करने का लाल ईटों से बने निर्माण को रोकने के लिए आदेश जारी किया गया था। जिसकी अनुपालना नहीं हो पाई। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में फ्लाई ऐश ब्रिस एसोशिएसन के अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने दी। लोकेश शर्मा ने बताया कि इस संबंध में एसोशिएशन ने पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा था। पर्यावरण विभाग द्वारा दो महिने होने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के संबंध में 31 दिसम्बर 2021 को संशोधित कर एक जनवरी 2024 को समस्त निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश से बनी ईटों का इस्तेमाल करने का संशोधित आदेश जारी किया था। उस आदेश का भी अब तक पालन नहीं हुआ है। एसोशिएशन के सदस्य जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलेंगे उसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती है तो हाई कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

# गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नये पदाधिकारियों का सम्मान

**रायपुर 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लि.,रायपुर एवं श्री गुरूनानक चौक व्यापारी संघ, रायपुर के नये पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर से संबद्ध दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लि.,रायपुर एवं श्री गुरूनानक चैक व्यापारी संघ, रायपुर के पूर्व पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात् संघ के सदस्यों द्वारा वर्तमान कार्यकाल के लिये नये पदाधिकारियों का चयन कर दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लि.,रायपुर अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से श्री सरल मोदी एवं श्री गुरूनानक चैक व्यापारी संघ, रायपुर से अध्यक्ष श्री महेश जेठानी एवं सचिव पद पर श्री विजय शादीजा को निर्विरोध चुना गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी सहित अन्य चेम्बर पदाधिकारियों ने दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लि.,रायपुर के वर्तमान अध्यक्ष श्री सरल मोदी एवं श्री गुरूनानक चैक व्यापारी संघ, रायपुर के वर्तमान अध्यक्ष श्री महेश जेठानी एवं उनकी टीम को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन की दी गई जानकारी

**रायपुर 27 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर कार्यालय, चौ.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 एवं एडवांस टैक्स(अग्रिम कर) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि- मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती अपर्णा करण जी, विशिष्ट अतिथि- प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस.हेड़ाऊ जी, संयुक्त आयकर आयुक्त श्री बीरेन्द्र कमार जी एवं आयकर अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार जी, श्री राहुल पटेल जी एवं श्री अमरेश कुमार जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने आयकर कार्यशाला में उपस्थित आयकर विभाग के मुख्य आयकर आयुक्त, प्रधान आयकर आयुक्त, संयुक्त आयकर आयुक्त एवं आयकर अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री पारवानी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि आज की कार्यशाला में आयकर नियम में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 तथा एडवांस टैक्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।



मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती अपर्णा करण जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी व्यापारीगण बहुत ही जागरूक हैं एवं शासन के राजस्व को बढ़ाने में आपकी बहुत बड़ी भूमिका है। आप छत्तीसगढ़ को देश का नंबर-1 राज्य के रूप में देखना चाहते हैं तो आयकर का भुगतान पूरी ईमानदारी से करें जिससे कि प्रदेश एवं देश का विकास हो। यदि आयकर संबंधी आपकी कोई भी समस्या हो या सुझाव हो तो हमारे कार्यालय में लिखित में देकर शंका समाधान कर सकते हैं। प्रधान आयकर आयुक्त श्री प्रदीप हेड़ाऊ जी ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7500 अपीलें लंबित हैं। पिछली स्कीम 2020 में इस स्कीम को अच्छा प्रतिसाद मिला था। आप सभी इस स्कीम का लाभ उठायें। संयुक्त आयकर आयुक्त श्री बीरेन्द्र कुमार जी ने विवाद एवं विश्वास 2024 स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिन करदाताओं की अपील 22 जुलाई 2024 से लंबित हैं वे इस स्कीम का फायदा ले सकते हैं, इस स्कीम में ब्याज एवं पेनाल्टी पूर्ण रूप से माफ है। इसमें सर्च से संबंधित अपील शामिल नहीं किये गये हैं। इसे 31 दिसम्बर 2024 तक फार्म-1 फाइल कर आनलाइन जमा किया जा सकता है। यह फार्म प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। श्री अमरेश कुमार जी आयकर अधिकारी ने आयकर के नियमों में परिवर्तन के बारे में विस्तृत देते हुए कर की दरों में जो परिवर्तन की जानकारी दी एवं बताया कि टीडीएस की दरों में कमी की गई है जैसे कि कमीशन में 5 प्रतिशत टीडीएस को अब 1 अक्टूबर 2024 से 2 प्रतिशत किया गया है।

# शराब पिलाकर महिला के साथ गैंगरेप, बंदी

**रायपुर, 27 नवम्बर।** रायपुर में शराब पिलाकर महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला मुजगहन थानाक्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके साथ दिनांक 25.11.2024 के रात्रि को तीन लड़कों के द्वारा दुष्कर्म किया गया। मामले की गंभीरता एंव संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपियो के संबंध में पतासाजी हेतु थाना प्रभारी मुजगहन आशीष सिंह एंव काईम ब्रांच रायपुर को निर्देशित किया गया, जिसके पश्चात घटना के संबंध में तत्परता से पतासाजी करते हुए प्रेमलाल साहू,राजू साहू, धनेश्वर उर्फराधे निषाद तीनो निवासी कांदुल थाना मुजगहन को तत्काल गिरफ्तार किया गया। घटना के संबंध में जांच पर पता चला कि सोमवार शाम 5.30 बजे आरोपी प्रेमलाल साहू ने पीड़िता को फ ोन करके अपने घर बुलाया था जिस पर पीड़िता अपने स्कुटी से आरोपी के बुलाये पते पर जाने के लिये निकली थी। जिसके बाद पीड़िता द्वारा अपने गाड़ी को एक दुसरे जगह रखकर तीनो आरोपियो के साथ उनके आटो में बैठकर उनके द्वारा बताये गये जगह पर पहुंची जहां पर तीनो आरोपियो एवं पीड़िता ने एक साथ शराब का सेवन किये। और तीनों युवकों ने मिलकर शराब के नशे में पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना पर थाना मुजगहन में धारा 70 बी.एन.एस कायमी कर विवेचना में लिया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26